30 April -26 page 1 29-04-26 10:50 PM Page 1


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 30 अप्रैल -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 127 पेज -08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## बंगाल में दूसरे चरण का मतदान संपन्न

## 142 सीटों पर 90% के करीब वोटिंग

### 4 मई को आएंगे नतीजे



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 142 सीटों पर मतदान कराए गए। बंगाल की जनता ने कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच दूसरे चरण में 1,448 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद कर दी। कुछ जगहों से टीएमसी और भाजपा कार्यकताओं की झड़प की खबरें भी आईं। शाम पांच बजे तक 89.99 फीसदी मतदान हुआ। अब अंतिम घंटे में कतार में लगे मतदाता मतदान कर रहे हैं। चुनाव आयोग की ओर से आंकड़े जारी किए जाने के बाद अंतिम मतदान प्रतिशत में बदलाव हो सकता है।

नोआपाड़ा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन सिंह ने

विस्तृत खबर -पेज 2 पर






# गौर ग्रीन एवेन्यू में भीषण आग से लाखों का नुकसान

## 8वीं से 11वीं मंजिल तक उठी आग की लपटें, 25 लोगों का रेस्क्यू, बड़ा हादसा टला

## दमकल की 17 गाड़ियों ने पाया काबू, शॉर्ट सर्किट से शुरू हुई आग ने मचाई अफरा-तफरी



### एडिशनल सीपी, डीएम, एडीमए, सीएफओ, एसडीएम, एसीपी व पुलिस बल रहा मौजूद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इंदिरापुरम स्थित गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में बुधवार सुबह लगी भीषण आग ने पूरे इलाके को दहला दिया। 8वीं मंजिल से शुरू हुई आग कुछ ही देर में 11वीं मंजिल तक फैल गई, जिससे बहुमंजिला इमारत में धुआं और लपटें भर गईं। हालांकि जिला प्रशासन, पुलिस और फायर विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया और करीब 25 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

इस घटना ने एक बार फिर शहरी इमारतों में फायर सेफ्टी व्यवस्था की गंभीरता को उजागर कर दिया है। बुधवार सुबह करीब 8:48 बजे फायर स्टेशन वैशाली को सूचना मिली कि इंदिरापुरम के अभय खंड-2 स्थित गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में भीषण आग लगी है। शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की मुख्य वजह माना जा रहा है।



आग सबसे पहले 8वीं मंजिल के एक फ्लैट में लगी, लेकिन देखते ही देखते उसने विकराल रूप ले लिया और 9वीं, 10वीं व 11वीं मंजिल तक फैल गई। घटना के समय अधिकांश लोग अपने घरों में मौजूद थे।

### दमकल, प्रशासन और पुलिस का संयुक्त ऑपरेशन, सीएम के निर्देशों का दिखा असर





**करंट क्राइम :** सीएम ऑफिस को इस पूरी अगा की सूचना मिली तो लोकल अमला एक्टिव हो उठा। जिसके बाद दमकल विभाग, पुलिस और प्रशासनिक अमला तुरंत हरकत में आ गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। शुरूआत में 5 फायर टैंकर पहुंचे, लेकिन आग की गंभीरता को देखते हुए कुल 17 फायर टेंडर, 2 हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म और करीब 70 फायरकर्मियों को लगाया गया। दमकलकर्मियों ने तीन दिशाओं से आग पर काबू पाने की रणनीति अपनाई। बी-सेट पहनकर वे धुएं से भरी बिल्डिंग में दाखिल हुए और सीढ़ियों के जरिए ऊपर तक पाइप लाइन बिछाई। कई फ्लैट्स के दरवाजे रेस्क्यू कटर से तोड़कर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। इस दौरान करीब 25 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। इनमें एक बेड रिडन महिला और ऑक्सीजन सपोर्ट पर मौजूद बुजुर्ग भी शामिल थे, जिन्हें बेहद सावधानी के साथ नीचे लाया गया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर पूरे ऑपरेशन की निगरानी की। एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर, एडीएम सौरभ भट्ट, एसडीएम अरुण दीक्षित और एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने भी अपनी-अपनी टीमों के साथ राहत कार्यों को गति दी। पुलिस ने इलाके को खाली कराया, भीड़ को नियंत्रित किया और एंबुलेंस व दमकल वाहनों के लिए रास्ता साफ कराया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इस दौरान आसपास के करीब 20 से अधिक फ्लैट्स को भी सुरक्षित बचा लिया गया।

### बहुत तेजी से फैली आग और काला धुंआ




करंट क्राइम : सोसायटी में लगी अचानक आग से धुआं फैलने लगा और कुछ ही मिनटों में पूरी बिल्डिंग काले जहरीले धुएं से भर गई। कई फ्लैट्स में लोग फंस गए और मदद के लिए चिल्लाने लगे। स्थिति इतनी भयावह थी कि लोगों को अपनी जान बचाने के लिए सीढ़ियों की ओर भागना पड़ा। कुछ फ्लैट्स बंद थे, जिससे आग और तेजी से अंदर फैलती रही। वहीं तेज हवा और ज्वलनशील सामान ने आग को और भड़काया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ ही समय में आग की लपटें कई मंजिलों तक दिखाई देने लगीं और पूरा इलाका दहशत में आ गया। इस दौरान सोसाइटी में भगदड़ जैसे हालात बन गए। कई परिवार अपने बच्चों और बुजुर्गों को लेकर बाहर निकलने की कोशिश में लगे रहे। गनीमत यह रही कि समय रहते अधिकतर लोगों को बाहर निकाल लिया गया, जिससे किसी बड़ी जनहानि से बचाव हो सका।

### डीएम ने बनाई जांच समिति



करंट क्राइम : हालांकि प्रशासन का कहना है कि उपलब्ध संसाधनों के साथ तेजी से कार्रवाई की गई और प्राथमिकता लोगों की जान बचाना थी, जिसमें सफलता मिली। जिलाधिकारी ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं और यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना को लेकर वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम ने भी शहरी फायर सेफ्टी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि बहुमंजिला इमारतों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी भविष्य में बड़े हादसों को जन्म दे सकती है। कुल मिलाकर गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में लगी यह आग एक चेतावनी है कि आधुनिक शहरों में ऊंची इमारतों के साथ मजबूत फायर सेफ्टी सिस्टम भी उतना ही जरूरी है। प्रशासन और दमकल विभाग की तत्परता से जहां एक बड़ा हादसा टल गया, वहीं इस घटना ने सिस्टम की कमजोरियों को भी उजागर कर दिया है। अब देखना होगा कि जांच के बाद जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

### घायलों के नाम जिनको बचाया गया



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अजय - 82 वर्ष, सुभाष गुप्ता - 88 वर्ष, विनय शर्मा - 57 वर्ष, बंटी शर्मा - 68 वर्ष, अनुज कुमार - 55 वर्ष, अनुज शर्मा - 53 वर्ष, वीना अग्रवाल - 44 वर्ष, कमल अरोड़ा -49 वर्ष, आरुष - 19 वर्ष, कुलदीप - 45 वष



### भीषण आग के बीच क्यों हुई देरी और उठे बड़े सवाल



**करंट क्राइम :** इस पूरी घटना में सबसे बड़ा जोखिम बिल्डिंग के अंदर भरा जहरीला धुआं और ऊंचाई पर लगी आग थी। फायरकर्मियों को सीमित पहुंच, बंद फ्लैट्स और ऊपरी मंजिलों तक उपकरण पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म मौके पर देर से पहुंचा, जिससे शुरूआती समय में आग बुझाने में बाधा आई। कुछ लोगों का कहना है कि सोसाइटी में फायर सेफ्टी सिस्टम या तो ठीक से काम नहीं कर रहा था या पर्याप्त नहीं था। इसके अलावा बिल्डिंग में अवैध कब्जों और अतिरिक्त निर्माण की भी शिकायतें सामने आई हैं, जिससे आपात स्थिति में राहत कार्य प्रभावित हुआ। संकरी पहुंच और पार्किंग अव्यवस्था ने भी दमकल वाहनों की गति को प्रभावित किया।

# बंगाल चुनाव रिजल्ट : 4 मई

## ममता दीदी गई : नरेन्द्र कश्यप

**जो ट्रेंड चल रहा है वो ये है कि जब 4 मई को रिजल्ट आयेगा तो यहां भाजपा बहुमत के साथ सरकार बनेगी। ममता सरकार की उन सभी नीतियों का भी विरोध है जो जनहित में नहीं है। भाजपा यहां उन बातों को जनता के बीच लेकर आयी है जो जनविरोधी सरकार की हैं।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बंगाल चुनाव के नतीजे 4 मई को आयेंगे। यहां रिकॉर्ड मतदात हुआ है। मतदान के बाद रूझान को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप से बात की। नरेन्द्र कश्यप बंगाल चुनाव में मौजूद रहे हैं। एक विषद राजनीतिक अनुभव है, कई चुनाव देखें हैं और राजनीतिक परिपक्वता है।


दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि जो ट्रेंड चल रहा है वो ये है कि जब 4 मई को रिजल्ट आयेगा तो यहां भाजपा बहुमत के साथ सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि वोटर का रूझान देखकर ये लग रहा है कि पिछले 8 सालों से यहां भाजपा ने जनता के बीच रहकर माईक्रो मैनेजमेंट के जरिये खुद को स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि ममता सरकार की उन सभी नीतियों का भी विरोध है जो जनहित में नहीं है। भाजपा यहां उन बातों को जनता के बीच लेकर आयी है जो जनविरोधी सरकार की हैं। लोगों को भाजपा की विचारधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में लोगों की आस्था भाजपा के साथ है। पश्चिम बंगाल में भाजपा का युग आ रहा है और बुरी सरकार के अंत का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल भी अपने ट्रेंड में अधिकतम चैनलों में भाजपा की सरकार बनती दिख रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में आताताई नीतियों का विरोध हुआ है। यहां लोगों का आक्रोश भारी मतदान के रूप में परिवर्तन का संदेश लेकर बाहर आया है। अधिकतम मतदान जनता के गुस्से की अभिव्यक्ति है और ये ईशारा कमल खिलने का है। उन्होंने कहाकि मेरी पार्टी के उन नेताओं से भी बात हुई है जो बंगाल चुनाव में रहे हैं और उनकी फीड बैक भी भाजपा के सरकार बनाने की है। राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यपने कहा कि इतना ही कह सकते हैं कि 4 मई ममता दीदी गई।

### विधानपरिषद में आज सरकार लायेगी निंदा प्रस्ताव

करंट क्राइम। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप विधानपरिषद सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आज निंदा प्रस्ताव ला रही है। इसे बड़ी घटना के रूप में देखना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह कोशिश थी कि महिलाओं को उनके संवैधनिक अधिकार तत्कालिक रूप से मिलें। लेकिन विपक्ष के अड़ियल रवैये ने ऐसा नहीं होने दिया। विपक्ष की कुठित मानसिकता ने इस प्रस्ताव को ही पास नहीं होने दिया। आज उत्तर प्रदेश सरकार सदन में इस अधिनियम का विरोध करने वालों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लेकर आ रही है। महिलाओं को सम्मान मिलता, अधिकार मिलते लेकिन विपक्ष ने ऐसा होने ही नहीं दिया।

## किस विधानसभा की सियासी स्टोरी में आयेगा बहुत बड़ा ट्विस्ट

### किस विधायक ने करा लिये जून की दो तारीखों में तीन बैंकट हॉल बुक




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में ताकत का मुलाहिजा करना ही पड़ता है। राजनीति ताकत का खेल है। अगर आपके पास राजनीति में ताकत ही नहीं है तो फिर आप फेल हैं। राजनीति में भीड़ जुटानी पड़ती है। भीड़ केवल रैली में आये ये जरूरी नही है। भीड़ रैली के मैदान से लेकर घर के प्रोग्राम में दिखनी चाहिए। तभी राजनीति सफल मानी जाती है। जब मौसम का पारा हाई हो रहा है तो राजनीति का टैम्प्रेचर भी बढ़ रहा है। ताकत दिखाने का समय भी आ रहा है और राजनीति में कोई भी कदम बिना मकसद होता ही नहीं है। ताकत का मुलाहिजा होता ही है।

सूत्र बताते हैं कि एक विधायक ने एक नहीं , दो नहीं बल्कि पूरे तीन बैंकट हॉल बुक कर लिए हैं। जो बैंकट बुक किये गये हैं उनका आकार बड़ा बताया जाता है। बताते हैं कि विधायक जी ने जून की दो तारीखों के लिए दोनों दिन तीनों बैंकट हॉल बुक कर दिये हैं। अब राजनीति में ताकत केवल रैली में दिखाने का समय नहीं है अगर परिवार में प्रोग्राम है तो जलवा दिखाई देना चाहिए। जनप्रतिनिधियों के लिए तो परिवार का कार्यक्रम भी बड़ा होता है क्योंकि उनका पारिवारिक दायरा भी बड़ा होता है।

अब पारिवारिक कार्यक्रम भी ताकत का मुलाहिजा होते हैं चाहे वो बर्थडे पार्टी हो या अन्य कार्यक्रम हो। भीड़ बताती है कि नेता जी का कद क्या है। भीड़ के वीआईपी बताते हैं कि जलवा क्या चल रहा है। जून के महीने में दो तारीखें ऐसी आयेंगी जब विधायक जी अपनी ताकत दिखायेंगे।

# 92 करोड़ से गाजियाबाद को मिलेगी खेलों को नई पहचान

## राज नगर एक्सटेंशन में भव्य स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर के समग्र विकास के साथ अब खेल क्षेत्र को भी नई दिशा देने की पहल तेज हो गई है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा राज नगर एक्सटेंशन में 92 करोड़ 22 लाख 49 हजार रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक और भव्य स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद कार्यदायी संस्था सी एंड डी एस उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। नगर आयुक्त ने परियोजना की विस्तृत प्रेजेंटेशन का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स न केवल गाजियाबाद के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देगा, बल्कि शहर को खेल के क्षेत्र में नई पहचान भी दिलाएगा। करीब 48,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित होने वाला यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स आधुनिक खेल सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसमें आउटडोर खेलों के लिए क्रिकेट पिच,



टेनिस लॉन, वॉलीबॉल कोर्ट, फिट इंडिया जोन, किड्स प्ले एरिया, वॉकिंग एवं जॉगिंग ट्रैक विकसित किए जाएंगे। वहीं इंडोर खेलों के लिए बैडमिंटन, बास्केटबॉल, जिम्नास्टिक, जूडो, कबड्डी, शूटिंग, सॉफ्टबॉल, स्विमिंग, ताइक्वांडो, योग सहित 30 से अधिक खेलों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस तरह यह कॉम्प्लेक्स हर आयु वर्ग और हर स्तर के खिलाड़ियों के लिए एक संपूर्ण खेल केंद्र के रूप में विकसित होगा। परियोजना को केवल खेल गतिविधियों तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि इसे सामाजिक और सामुदायिक जीवन का भी केंद्र बनाने की योजना है।

इसके तहत एक आधुनिक दो मंजिला भवन का निर्माण किया जाएगा, जिसमें बैंक्वेट हॉल और पार्टी लॉन, लगभग 60 लोगों की क्षमता वाला ओपन कैफेटेरिया, गेस्ट रूम, बोर्ड गेम रूम, योग कक्ष और एक चिकित्सकीय क्लीनिक जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था और सुव्यवस्थित इंफ्रास्ट्रक्चर का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर आयुक्त ने बताया कि इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को पर्यावरण अनुकूल मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें हरित तकनीकों और संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यह सुविधा सभी वर्गों के लिए सुलभ और समावेशी हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 माह की निर्धारित समयसीमा के भीतर इस परियोजना को पूर्ण किया जाए और कार्य की गुणवत्ता उच्चतम स्तर की बनी रहे। इस परियोजना से न केवल शहर के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि युवाओं में खेल के प्रति रुचि भी बढ़ेगी। साथ ही यह कॉम्प्लेक्स स्थानीय लोगों के लिए सामाजिक मेलजोल, स्वास्थ्य और मनोरंजन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। आने वाले समय में यह गाजियाबाद की पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### शहर और खिलाड़ियों को होने वाले लाभ

करंट क्राइम : इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण से गाजियाबाद के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे और प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी, स्थानीय स्तर पर प्रतिभाओं को पहचान मिलेगी और शहर की पहचान एक खेल हब के रूप में मजबूत होगी। साथ ही यह परिसर सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी प्रमुख केंद्र बनेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### तमाम खेल और खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

करंट क्राइम : 48,000 वर्ग मीटर में फैले इस अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में क्रिकेट पिच, टेनिस कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, फिट इंडिया जोन, किड्स प्ले एरिया, वॉकिंग एवं जॉगिंग ट्रैक जैसी आउटडोर सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जबकि इंडोर खेलों में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, जिम्नास्टिक, जूडो, कबड्डी, शूटिंग, स्विमिंग, ताइक्वांडो, योग सहित 30 से अधिक खेलों की व्यवस्था होगी। इसके अलावा आधुनिक भवन में बैंक्वेट हॉल, पार्टी लॉन, ओपन कैफेटेरिया, गेस्ट रूम, योग कक्ष और चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।



# बंगाल में दूसरे चरण का मतदान संपन्न, 142 सीटों पर 90% के करीब वोटिंग, आरोप-प्रत्यारोप से गरमाया माहौल

## सुरक्षा के साए में वोटिंग, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज, 4 मई को आएंगे नतीजे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 142 सीटों पर मतदान कराए गए। बंगाल की जनता ने कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच दूसरे चरण में 1,448 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद कर दी। कुछ जगहों से टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं की झड़प की खबरें भी आईं। शाम पांच बजे तक 89.99 फीसदी मतदान हुआ। अब अंतिम घंटे में कतार में लगे मतदाता मतदान कर रहे हैं। चुनाव आयोग की ओर से आंकड़े जारी किए जाने के बाद अंतिम मतदान प्रतिशत में बदलाव हो सकता है।

बंगाल विधानसभा चुनाव

### दूसरे चरण में आठ जिलों का मतदान प्रतिशत



| जिलों के नाम | 1 बजे तक | 3 बजे तक | 5 बजे तक |
|---|---|---|---|
| हुगली | 64.57 | 80.77 | 90.34 |
| हावड़ा | 60.68 | 77.73 | 89.44 |
| कोलकाता उत्तर | 60.18 | 78.00 | 87.77 |
| कोलकाता दक्षिण | 57.73 | 75.38 | 86.11 |
| नादिया | 61.41 | 79.79 | 90.28 |
| उत्तर 24 परगना | 59.20 | 77.39 | 89.74 |
| पूर्वा वर्धमान | 66.80 | 83.11 | 92.46 |
| दक्षिण 24 परगना | 58.58 | 76.75 | 89.57 |

नोआपाड़ा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन सिंह ने मतदान के अंतिम घंटों में गंभीर धांधली का आरोप लगाया है। अर्जुन सिंह के अनुसार, एक स्थानीय पार्षद के पति ने फर्जी तरीके से चार बूथों के कार्ड बनवा लिए हैं और वह जबरन मतदान केंद्रों में घुसकर वोट डाल रहा है। सिंह ने आरोप लगाया कि वहां मौजूद पीठासीन अधिकारी सब कुछ देखकर भी चुप हैं। उन्होंने इस मामले की शिकायत चुनाव आयोग से करने की बात कही है। भाजपा नेता ने दावा किया कि उनके समर्थकों को डराया जा रहा है ताकि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके। पश्चिम बंगाल चुनाव के दूसरे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद भी राज्य में सुरक्षा चाक-चौबंद रहेगी। चुनाव आयोग की तैनाती योजना के अनुसार, आज पोलिंग खत्म होने के बाद भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 700 कंपनियां राज्य में ही रुकी रहेंगी। ये कंपनियां सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और कानून-व्यवस्था की ड्यूटी संभालेंगी। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि अगले आदेश तक ये बल बंगाल में तैनात रहेंगे ताकि चुनावी नतीजों से पहले और बाद में किसी भी तरह की हिंसा या गड़बड़ी को रोका जा सके। यह फैसला राज्य के संवेदनशील माहौल को देखते हुए लिया गया है।

मुख्यमंत्री और भवानीपुर से टीएमसी उम्मीदवार ममता बनर्जी ने अपनी जीत को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने फेसबुक के जरिए दावा किया कि उनके पास मौजूद जानकारी के अनुसार भाजपा बंगाल में हार की कगार पर है।

ममता बनर्जी ने आत्मविश्वास जताते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस राज्य में दो-तिहाई बहुमत के साथ फिर से अपनी सरकार बनाने जा रही है। मतदान के बीच आए मुख्यमंत्री के इस बयान ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। उन्होंने साफ कर दिया है कि बंगाल की जनता का भरोसा एक बार फिर टीएमसी के साथ है।

पश्चिम बंगाल चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस सांसद राजेश ठाकुर ने राज्य की स्थिति पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की सख्ती के दावों के बावजूद बंगाल में हिंसा और अफरातफरी का माहौल दिख रहा है, जो बेहद दुखद है। ठाकुर ने टीएमसी और भाजपा दोनों के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि एग्जिट पोल सिर्फ नाम के होते हैं। उनके अनुसार, असली जनादेश चार मई को ही सामने आएगा, जब जनता का फैसला सबके सामने होगा। सांसद ने संकेत दिया कि शोर-शराबे से अलग मतदाता शांति से अपना निर्णय ले चुका है।

उत्तर 24 परगना की जगदलपुर सीट से टीएमसी उम्मीदवार सोमनाथ श्याम इचिनी ने सुरक्षा अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि नए तैनात अधिकारी उनके नेताओं को डरा रहे हैं और रात के वक्त उनके घरों पर छापेमारी की जा रही है।

# बंगाल चुनाव में बवाल: ममता बनर्जी के केंद्रीय बलों पर गंभीर आरोप, माहौल गरमाया



## टीएमसी कार्यकर्ताओं से मारपीट और गिरफ्तारी का आरोप, मुख्यमंत्री बोलीं-लोकतंत्र को कुचला जा रहा

### ममता बनर्जी- हमारी जीत पक्की है, तृणमूल ही जीतेगी

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भवानीपुर में अपनी जीत का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस भारी बहुमत से सत्ता में वापसी कर रही है। मतदान के दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए विक्ट्री का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने शांतिपूर्ण मतदान की अपील की। उन्होंने दावा किया कि जनता विकास के नाम पर वोट दे रही है। बंगाल में आज दूसरे चरण के लिए वोट डाले जा रहे हैं। सभी की नजरें अब 4 मई को आने वाले नतीजों पर टिकी हैं।

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय बलों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट हो रही है और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के दूसरे चरण के मतदान के बीच सियासी माहौल और ज्यादा गरमा गया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय सुरक्षा बलों पर गंभीर आरोप लगाते हुए केंद्रीय बलों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि मतदान के दौरान उनके समर्थकों के साथ अत्याचार हुआ है और लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुंचाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि ₹कल रात से ही अत्याचार शुरू हो गए और हमारे कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने महिलाओं और बच्चों को भी नहीं बख्शा है। यह अदालत की अवमानना है। मैंने इस तरह का लोकतंत्र कभी नहीं देखा। तृणमूल कांग्रेस चुनाव जीत रही है। सीआरपीएफ इस तरह लोगों को प्रताड़ित नहीं कर सकती। किसी भी बूथ पर राज्य पुलिस नजर नहीं आ रही है, सब कुछ उन्होंने अपने कब्जे में ले लिया है। उन्हें सीमाओं की सुरक्षा करनी चाहिए, लेकिन इसके बजाय वे एक राजनीतिक दल को फायदा पहुंचाने में लगे हैं। मैंने 1984 से चुनाव लड़ा है, लेकिन इस तरह के अत्याचार पहले कभी नहीं देखे।

ममता ने आगे कहा कि मैं 1984 से चुनाव लड़ रही हूं और इस बार इतना अत्याचार हो रहा है... इन्होंने महिलाओं, बच्चों को मारा... राणाघाट, कल्याणी, आरमबाग, घोघाट, कैनिंग, इन सभी जगहों पर इन्होंने हमारे एजेंट को बाहर कर दिया। क्या यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव है? इसी बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। वोटिंग के बाद केंद्र सरकार और सुरक्षा बलों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

# पश्चिम बंगाल चुनाव को प्रभावित करने के लिए केंद्रीय बलों का हुआ दुरुपयोग: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बंगाल चुनाव पैटर्न पर हमला करते हुए कहा कि चुनाव को प्रभावित करने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग हुआ है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को प्रभावित करने के लिए केंद्रीय बलों के माध्यम से एक 'समानांतर प्रशासनिक ढांचा' तैयार किया गया है। उनका दावा है कि राज्य के मौजूदा प्रशासन के साथ-साथ एक पूरी तरह से अलग 'चेन ऑफ कमांड' खड़ी कर दी गई है। अखिलेश यादव ने यहाँ तक कहा कि पुलिस महानिदेशक के स्तर पर भी हस्तक्षेप किया जा रहा है और जिलों में जिला पुलिस प्रमुखों के ऊपर अन्य अधिकारियों को तैनात किया गया है।

### अधिकारियों पर दबाव और प्रलोभन

अखिलेश यादव ने अधिकारियों की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई अधिकारी दबाव या प्रलोभन में काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ अधिकारियों को भविष्य के लाभ का आश्वासन दिया गया है, जबकि अन्य पर विभिन्न जांचों का डर दिखाकर दबाव बनाया जा रहा है। उनके अनुसार, यह स्थिति लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए चिंताजनक है और उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे ऐसे तत्वों के खिलाफ वोट करें जो अधिकारियों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

### रामपुर मॉडल और यूपी के लिए चेतावनी

उत्तर प्रदेश के राजनीतिक उदाहरणों का जिक्र करते हुए यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में वही मॉडल अपनाया जा रहा है जो रामपुर लोकसभा उपचुनाव के दौरान देखने को मिला था। उन्होंने चेतावनी दी कि बंगाल में किया जा रहा यह 'प्रशासनिक प्रयोग' आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में भी दोहराया जा सकता है। उन्होंने ममता बनर्जी की ऐतिहासिक जीत का भरोसा जताते हुए जनता को सचेत रहने और किसी भी प्रकार के अन्याय का डटकर मुकाबला करने का आह्वान किया।

# सीबीआई की याचिका पर सुनवाई 4 मई तक टली दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया अंतिम अल्टीमेटम



**नई दिल्ली।** सुनवाई के दौरान, न्यायाधीश ने कहा कि अदालत को निचली अदालत का पूरा रिकॉर्ड नहीं मिला है। अदालत ने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई 4 मई तक के लिए स्थगित कर दी। कुछ बरी किए गए आरोपियों ने अभी तक अपने जवाब दाखिल नहीं किए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को सीबीआई की याचिका पर सुनवाई 4 मई के लिए सूचीबद्ध की। यह याचिका पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और 21 अन्य को शराब नीति मामले में बरी करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ है। आप नेताओं ने न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष सुनवाई का बहिष्कार किया। न्यायाधीश ने उन्हें अपना जवाब दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया है। 20 अप्रैल को न्यायमूर्ति शर्मा ने मामले से हटने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद केजरीवाल और सिसोदिया ने न्यायाधीश को पत्र लिखकर सुनवाई में शामिल न होने की बात कही। उन्होंने महात्मा गांधी के सत्याग्रह मार्ग का पालन करने का उल्लेख किया। पूर्व आप विधायक दुर्गेश पाठक ने भी बुधवार को ऐसा ही पत्र लिखा।

सुनवाई के दौरान, न्यायाधीश ने कहा कि अदालत को निचली अदालत का पूरा रिकॉर्ड नहीं मिला है। अदालत ने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई 4 मई तक के लिए स्थगित कर दी। कुछ बरी किए गए आरोपियों ने अभी तक अपने जवाब दाखिल नहीं किए हैं। अदालत ने उन्हें शनिवार तक जवाब दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया। अदालत ने 9 अप्रैल के अंतरिम स्थगन आदेश को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सीबीआई को नोटिस भी जारी किया।

### निचली अदालत का फैसला

27 फरवरी को निचली अदालत ने केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य को शराब नीति मामले में बरी कर दिया था। निचली अदालत ने कहा था कि यह मामला न्यायिक जांच में टिकने में पूरी तरह असमर्थ है। 9 मार्च को उच्च न्यायालय ने सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश पर रोक लगा दी थी।

# प्रधानमंत्री ने हरदोई से किया उद्घाटन बिजौली में लोगों ने देखा लाइव प्रसारण

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन यूपी के हरदोई से किया। मेरठ के बिजौली में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां 5000 लोगों ने बड़ी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण देखा। यह एक्सप्रेसवे यूपी के विकास की नई पहचान बनेगा।

उत्तर प्रदेश के विकास की नई जीवनरेखा कहे जाने वाले 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार दोपहर उद्घाटन किया।



प्रधानमंत्री हरदोई में आयोजित मुख्य समारोह से एक्सप्रेसवे को जनता को समर्पित करने पहुंचे, इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूपी के उन सभी 12 जिलों में किया गया जहां से यह एक्सप्रेसवे गुजर रहा है। मेरठ के बिजौली में गंगा एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर एक विशाल पंडाल सजाया गया जहां करीब 5 हजार लोग इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने। मेरठ के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह समेत तमाम भाजपा जनप्रतिनिधि और मेरठ पुलिस प्रशासनिक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर इस लाइव प्रसारण को देखा और इस गंगा एक्सप्रेसवे का स्वागत किया।

जिला प्रशासन ने बिजौली में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक कर दिया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी स्क्रीन लगाई गई ताकि जनता प्रधानमंत्री के संबोधन और उद्घाटन समारोह को सजीव देख सके। कार्यक्रम से पूर्व जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने स्वयं कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

# जम्मू-कश्मीर पुलिस में बड़ा बदलाव 1785 जवानों को मिली नई जिम्मेदारी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 1,785 कर्मियों को उनके प्रदर्शन और योग्यता के आधार पर विभिन्न पदों पर पदोन्नति दी है। श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को बड़ा फैसला लेते हुए 1,785 पुलिस कर्मियों को उनके अगले पदों पर पदोन्नत किया। इस संबंध में पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी दी कि पदोन्नति प्रक्रिया विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों के आधार पर पूरी की गई।

यह समिति कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिर्दी की अध्यक्षता में गठित की गई थी जिसने हेड कांस्टेबल, सेलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल और कांस्टेबल के प्रदर्शन व योग्यता का आकलन किया।

पदोन्नत किए गए कर्मियों में 300 हेड कांस्टेबल 1020 सेलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल और 465 कांस्टेबल शामिल हैं, जिन्हें असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल और सेलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल के पदों पर पदोन्नति दी गई है। आईजीपी ने सभी पदोन्नत कर्मियों और उनके परिवारों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे आगे भी पूरी निष्ठा के साथ काम करते हुए प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में योगदान देंगे।

# शादी से लौट रहीं दो नाबालिगों से नौ लड़कों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, मचा हड़कंप

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में सामूहिक दुष्कर्म का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। शादी समारोह से लौट रही दो नाबालिग लड़कियों के साथ आठ-नौ लड़कों ने अलग-अलग जगहों पर दुष्कर्म किया।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। जहां दो आदिवासी लड़कियों के साथ 8 से 9 लड़कों ने अलग-अलग जगह पर सामूहिक दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कम मचा है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, 24 अप्रैल की शाम 4 नाबालिग लड़कियां शादी समारोह से देर रात घर लौट रही थीं। इस दौरान बाइक पर सवार 8-9 लड़कों ने उनका रास्ता रोक। किसी तरह दो नाबालिगों ने बचकर भाग निकलीं। वहीं दो नाबालिगों के साथ आरोपियों ने अलग अलग जगहों पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया।





जानकारी के अनुसार, दो बजे रात को पीड़िता घर पहुंची, लेकिन डर की वजह से घर में कुछ नहीं बताया। वहीं 25 अप्रैल को एक नाबालिग ने अपनी आपबीती परिजनों को सुनाई। इसके बाद परिजन थाना रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे।

26 अप्रैल को पुलिस ने एक नाबालिग की मां की शिकायत पर पुलिस ने प्रियांशु खलखो, आशीष, राहुल व अन्य के खिलाफ धारा 70 (2) बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 4(2), 5 (जी) व 6 के तहत अपराध दर्ज किया और दोनों पीड़िताओं की एमएलसी हुई।

सरगुजा एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने दो नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले में दो एफआईआर दर्ज कर ली गई है। 29 अप्रैल को दोनों नाबालिग लड़कियों को अंबिकापुर लाया गया है।

# केजरीवाल-सिसोदिया के बाद दुर्गेश पाठक ने जस्टिस स्वर्ण कांता को चिट्ठी लिखी, हाईकोर्ट में पेशी से इनकार



**नई दिल्ली।** पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को चिट्ठी लिखी है। इससे पहले अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया भी जस्टिस शर्मा को पत्र लिख चुके हैं। उन्होंने पत्र लिखकर एक्साइज पॉलिसी मामले में उनकी अदालत में मुकदमा आगे नहीं चलाने का फैसला बताया।

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के बाद एक और आप नेता ने भी जस्टिस स्वर्णकांता को चिट्ठी लिखी है। एक्साइज पॉलिसी मामले को लेकर पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक ने चिट्ठी में लिखा कि मैं अरविंद केजरीवाल के साथ खड़ा हूं। इस केस में मैं पेश होने में असमर्थ हूं। मेरी तरफ से कोई वकील भी पेश नहीं होगा।

इससे पहले आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को पत्र लिखकर एक्साइज पॉलिसी मामले में उनकी अदालत में मुकदमा आगे नहीं चलाने का फैसला बताया था। वहीं, सोमवार को आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने भी इसी जज की अदालत में व्यक्तिगत रूप से या किसी वकील के माध्यम से पेश नहीं होने का एलान किया था।

वहीं, सीबीआई की अपील याचिका पर न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा द्वारा सुनवाई किए जाने पर आपत्ति जताने के बाद केजरीवाल ने फैसला किया कि वह आगे इस मामले में न तो खुद पेश होंगे और न ही उनके कोई वकील जिरह करेंगे। केजरीवाल ने न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को चार पन्नों का पत्र लिखकर यह जानकारी दी।

पत्र में उन्होंने कहा कि मैं अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर यह निर्णय ले रहा हूं। मैं इसके नतीजों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हूं। हो सकता है कि इससे मेरे कानूनी हितों को नुकसान पहुंचे, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि वे न्यायमूर्ति शर्मा के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

# स्कूली बस की टक्कर से छात्र की मौत, 50 मीटर तक घसीटता गया, शव गोद में लेकर बिलखती रही मां



**आजमगढ़।** जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में स्कूली बस की चपेट में आने से कक्षा 9 के छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। बस के पहिये में फंसकर 100 मीटर तक साइकिल घसीटती रही। वहीं 50 मीटर तक छात्र का शव घसीटता गया।

आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब आठ बजे स्कूल जा रहे कक्षा 9 के छात्र की स्कूली बस की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक बस लेकर भाग निकला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि छात्र का शव बस में करीब 50 मीटर तक घसीटता गया। वहीं साइकिल करीब 100 मीटर तक घसीटती गई लेकिन बस नहीं रुकी। इस घटना से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना है। उधर, घटनास्थल पर पहुंची छात्र की मां अपने बेटे का शव गोद में लेकर बिलखती रही। यह देख वहां मौजूद लोगों की आंखें भर आईं।

### क्या है पूरा मामला

अतरौलिया थाना क्षेत्र पकड़डीहा निवासी मृतक छात्र आनंद राजभर बुधवार को साइकिल से घर से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज पढ़ने जा रहा था। जैसे ही वह गोरहरपुर गांव के पास स्कूल तिराहे के समीप पहुंचा, तभी तेज गति से आ रही स्कूली बस ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद छात्र साइकिल समेत बस में फंस गया, लेकिन चालक ने बस नहीं रोका। बताया जा रहा है कि शव करीब 50 मीटर तक बस में घसीटता रहा, जबकि साइकिल लगभग 100 मीटर तक फंसी रही। इसके बाद चालक बस को स्कूल परिसर में खड़ा कर भाग निकला। अतरौलिया थाना क्षेत्र पकड़डीहा निवासी मृतक छात्र आनंद राजभर बुधवार को साइकिल से घर से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज पढ़ने जा रहा था। जैसे ही वह गोरहरपुर गांव के पास स्कूल तिराहे के समीप पहुंचा, तभी तेज गति से आ रही स्कूली बस ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर अतरौलिया थाना प्रभारी देवेंद्र नाथ दुबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्कूली बस एक निजी स्कूल की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त बस और विद्यालय का प्रबंधन एक ही व्यक्ति के पास है। थानाध्यक्ष देवेंद्रनाथ दुबे ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बड़ा हादसा: डंपर की टक्कर से छह की मौत, मुंडन कराकर लौट रहा था परिवार





**कानपुर।** बिहार-बक्सर मार्ग पर बुधवार का सूरज खुशियां नहीं, बल्कि 'खून' लेकर आया। भोर के उजाले के साथ ही एक भीषण हादसे ने पूरे जिले को दहला दिया। मां चंडिका के दरबार में 3 साल के मासूम शुभ का मुंडन संस्कार कराकर लौट रहे परिवार के लिए यह बुधवार 'खूनी' साबित हुआ। एक बेकाबू डंपर ने बोलेरो को ऐसी टक्कर मारी कि मंगल गीत पल भर में चीख-पुकार और मौत के सन्नाटे में बदल गए। इस भयावह हादसे में अब तक छह लोगों की जान जा चुकी है, जबकि पांच अन्य लोग अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मंगल गीतों के बीच मची चीख-पुकार : जानकारी के अनुसार, पठई गांव निवासी मालती अपने 3 वर्षीय पुत्र सूरज उर्फ शुभ का मुंडन कराने के लिए सगे-संबंधियों के साथ बक्सर स्थित चंडिका देवी मंदिर गई थीं। मंदिर में ढोल-नगाड़ों और मंगल गीतों के बीच मुंडन की रस्में पूरी हुईं। परिवार हंसी-खुशी बोलेरो से घर लौट रहा था, जहां मुंडन की दावत और उत्सव की तैयारियां चल रही थीं। जैसे ही गाड़ी बिहार-बक्सर मार्ग पर कीरतपुर गांव के पास पहुंची, तेज रफ्तार डंपर ने उनकी खुशियों को कुचल दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मंगल गीत पल भर में चीख-पुकार में बदल गए। लहूलुहान हुईं खुशियां,

### सीएम योगी का मुआवजे का ऐलान

बिछ गईं लाशें हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और वह डंपर के नीचे दब गई। मलबे के भीतर लाशें बिछी थीं और चारों तरफ खून ही खून पसरा था। चीखें सुनकर मौके पर दौड़े ग्रामीणों की भी रूह कांप गई। जिस नन्हे शुभ के मुंडन की खुशियां मनाई जा रही थीं, वह अपनी घायल मां मालती की गोद में लहूलुहान हालत में मिला। पठई गांव में जहां बुधवार को मुंडन की दावत होनी थी, वहां अब एक साथ छह अर्थियां उठने की तैयारी हो रही है।

मां की गोद में सहम गया मासूम, मलबे में दबी जिंदगी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डंपर की टक्कर के बाद बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और वह डंपर के नीचे ही खंती में दब गई। जब ग्रामीणों ने राहत कार्य शुरू किया, तो नजारा देख उनकी रूह कांप गई। गंभीर रूप से घायल मां मालती अपने जिगर के टुकड़े शुभ को सीने से लगाए मलबे में फंसी थीं। मां की गोद में शुभ बिल्कुल सहमा हुआ था, जैसे वह समझ ही नहीं पा रहा हो कि अभी कुछ देर पहले मंदिर में जो खुशियां थीं, वो अचानक लहूलुहान चीखों में कैसे बदल गईं। हादसे में मालती को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।


### दावत वाले घर में अब उठ रहे जनाजे

पठई गांव में जिस घर में मुंडन के भोज की तैयारी के लिए चूल्हे जल रहे थे, वहां अब कोहराम मचा है। हादसे की खबर मिलते ही गांव में सन्नाटा पसर गया और लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। बोलेरो सवार मृतकों के शव जब मलबे से निकाले गए, तो परिजनों के करुण क्रंदन से पूरा इलाका दहल उठा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद डंपर के नीचे से बोलेरो को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### फरार डंपर चालक की तलाश तेज

थानाध्यक्ष ने बताया कि हादसे के बाद डंपर चालक मौके से भागने में सफल रहा। डंपर को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। मां मालती समेत सभी सात घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है, जिनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार चालक की तलाश में टीमें लगा दी हैं।

### सीएम योगी ने जताया दुख, मुआवजे का ऐलान



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस 'खूनी बुधवार' की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का एलान किया है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि घायलों के इलाज में कोई कसर न छोड़ी जाए।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली | गुरुवार 30 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# कमिश्नर की सख्ती का असर : ऑपरेशन कन्विक्शन से अपराधियों पर ताबड़तोड़ वार, 317 दोषियों को सजा

## जनवरी से अप्रैल 2026 के बीच 252 मुकदमों में ऐतिहासिक सजा

गौरव शशि नारायण

### हत्या, लूट, पॉक्सो व गैंगस्टर एक्ट में तेज पैरवी से बढ़ी सजा दर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड की सख्त मॉनिटरिंग और आक्रामक कार्यशैली का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। पुलिस कमिश्नरेट में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन ने अपराधियों पर निर्णायक प्रहार करते हुए सजा दिलाने की रफ्तार को तेज कर दिया है। 1 जनवरी 2026 से 27 अप्रैल तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो कुल 252 मुकदमों में 317 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई है। यह आंकड़ा न केवल पुलिस की मजबूत पैरवी को दशार्ता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि अब अपराध कर



बच निकलना आसान नहीं रहा। वहीं सबसे अहम बात यह रही कि गंभीर अपराधों में भी पुलिस ने प्रभावी पैरवी करते हुए सजा सुनिश्चित कराई। आंकड़ों के अनुसार हत्या के 16 मामलों, दहेज हत्या के 1, पॉक्सो एक्ट के 12, बलात्कार के 2, चोरी के 84, लूट/डकैती के मामलों, एनडीपीएस एक्ट के 20, गैंगस्टर एक्ट के 18 और अन्य 117 मामलों में आरोपियों को सजा दिलाई गई।

### हत्या और संगीन अपराधों में सख्त सजा



**करंट क्राइम :** 16 हत्यारोपियों को आजीवन कारावास करवाया गया है। तो दहेज हत्या व पॉक्सो मामलों में भी कठोर सजा हुई है। 4 मामलों में 20 वर्ष से अधिक की सजा हुई। तो बलात्कार व महिला अपराधों में भी दोषियों को दंड दिया गया है। उधर ऑपरेशन कन्विक्शन सेल के प्रभारी नीरज तोमर कहना है कि पुलिस की रणनीति साफ है केवल गिरफ्तारी नहीं, बल्कि अदालत में मजबूत पैरवी के जरिए दोषियों को सजा दिलाई जाए। इसी के चलते अभियोजन शाखा और विवेचना अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है, जिससे केस मजबूत हुए और अदालत में टिक सके।

### छोटी सजा भी बड़ा संदेश

**करंट क्राइम :** 5 वर्ष से कम सजा व जुमार्ने के 280 मामले आएं हैं। तो 10 वर्ष से अधिक सजा वाले मामलों में भी इजाफा हुआ है। हर स्तर पर अपराधियों को दंड दिलाने पर फोकस है। अगर पिछले साल से तुलना करें तो 2026 में सजा दर में स्पष्ट बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। वर्ष 2025 में जहां 199 मुकदमों में 247 अभियुक्तों को सजा मिली थी, वहीं 2026 के शुरूआती चार महीनों में ही यह आंकड़ा काफी आगे निकल चुका है। 2025 में 19 मामलों में आजीवन कारावास, 10 मामलों में 20 वर्ष से अधिक सजा और 208 मामलों में 5 वर्ष से कम सजा दी गई थी।

### जारी रहेगी जीरो टॉलरेंस नीति : सीपी



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का स्पष्ट कहना है कि ऑपरेशन कन्विक्शन को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उनका जोर है कि अपराधियों को केवल गिरफ्तार करना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें अदालत से सजा दिलाना ही असली न्याय है। पुलिस कमिश्नरेट की इस आक्रामक रणनीति ने अपराधियों में खौफ पैदा कर दिया है, जबकि आम जनता में पुलिस के प्रति भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। गाजियाबाद पुलिस अब जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए साफ संदेश दे रही है, अपराध करोगे तो सजा तय है।

# महिला पार्षद को गोली मारने की धमकी

## भाजपा महानगर अध्यक्ष ने सीपी से सुरक्षा व जांच की मांग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के वार्ड-82 (शहीद नगर क्षेत्र) की महिला पार्षद किरण देवी को फोन पर गोली मारने की धमकी मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पार्षद ने इस संबंध में थाने में लिखित शिकायत देकर तत्काल एफआईआर दर्ज करने, आरोपी की गिरफ्तारी और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। मामले के सामने आते ही राजनीतिक माहौल भी गरमा गया है और आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

पार्षद किरण देवी के अनुसार मंगलवार की शाम करीब 4 बजे जब वह अपने क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर रही थीं, तभी उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। आरोप है कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने उन्हें गोली मारने की धमकी दी, गाली-गलौज की और उनके राजनीतिक कार्यों में बाधा डालने की बात कही। पार्षद का कहना है कि आरोपी ने स्पष्ट रूप से जान से खत्म करने की बात कही, जिससे वह और उनका परिवार दहशत में हैं। अपने शिकायती पत्र में पार्षद ने यह भी आरोप लगाया है कि यह धमकी



उनके बढ़ते जनसमर्थन और सक्रिय राजनीतिक कार्यों के कारण दी जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि इसके पीछे कुछ असामाजिक तत्व या राजनीतिक विरोधी भी हो सकते हैं, जो उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, इस मामले को लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कड़ा रुख अपनाया है।

उन्होंने पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड से बातचीत कर तत्काल मुकदमा दर्ज करने, निष्पक्ष जांच कराने और पार्षद की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को इस तरह धमकाना लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी पूरी मजबूती के साथ पार्षद के साथ खड़ी है। दूसरी ओर, स्थानीय स्तर पर इस घटना को लेकर अलग-अलग तरह की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यह मामला राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से जुड़ा हो सकता है, जबकि कुछ इसे क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों की करतूत बता रहे हैं।

हालांकि, पुलिस ने अभी तक किसी भी एंगल की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं और संदिग्ध नंबर की ट्रेसिंग की जा रही है।

अधिकारियों का कहना है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही आरोपी की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पार्षद की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम भी उठाए जा रहे हैं।

# खोड़ा में डेरा डाले हुए पहलवान का क्या है प्लान

## क्या वो दे रहे हैं अब खोड़ा नगर पालिका पर कुछ ज्यादा ही ध्यान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में प्लान होते हैं और सियासत में प्लान पर काम होता है। सियासत में मतदाताओं की नब्ज टटोली जाती है। सियासत में समीकरण की ताकत तोली जाती है। कोई भी मूवमेंट पॉलिटिक्स में बिना अर्थ के होता ही नहीं है।

चर्चा देश की सबसे बड़ी विधानसभा से है और चर्चा इसलिए भी है कि विधानसभा के एक वार्ड से मामला एक नगरपालिका तक आ गयाहै। भाजपा के पूर्व महामंत्री पप्पू पहलवान इन दिनों खोड़ा पर काफी ध्यान दे रहे हें। वो खोड़ा पर इतना ध्यान क्यों दे रहे हैं। खोड़ा को लेकर उनका प्लान क्या है इसको लेकर चर्चायें चलने लगी हैं। पप्पू पहलवान एक मजबूत सियासी प्रोफाईल के मालिक हैं। शालीमार गार्डन ईलाके से वो लगातार जीत हांसिल करते हैं। उनकी पत्नी ओमवती देवी मौजूदा पार्षद हैं। पप्पू पहलवान के सियासी प्रोफाईल की बात करें तो वो जनआधार वाले नेता माने जाते हैं। बड़ी बात ये है कि केवल मौहल्ले का जनाधार नही है बल्कि अपनी बिरादरी का एक मजबूत जनाधार रखते हैं। समाज के सभी वर्गों में उनक असर है। अपनी इस ताकत को वो कई बार अपने दम पर बड़े कार्यक्रम आयोजित कराकर दिखा चुके हैं।



इन दिनों पप्पू पहलवान की खोड़ा से कनैक्टिविटि और खोड़ा में एक्टिविटि सुर्खियों में है। दो दोस्तों की ये जोड़ी अब नदी के इस पार और उस पार है। एक दोस्त अब नदियापार छोड़कर लाईनपार रहने लगे हैं। वो अब विधायक हो गये हैं। और दूसरे दोस्त ने भी शायद अब राजनीति को नये गेयर में डाला है। तभी उन्होंने खोड़ा में डेरा डाला है। पप्पू पहलवान 6 दिन से खोड़ा में ही डेरा डाले हैं। आखिर वो इतना फोकस खोड़ा पर क्यों कर रहे हैं।

क्या नगरपालिका की कोई तैयारी है। समीकरण इसके पक्ष में भी आते हैं क्योंकि यहां भाजपा ने गुर्जर उम्मीदवार उतारा और रीना भाटी ने जीत हांसिल की। इसके बाद यहां इन्कम्बैंसी फैक्टर रहा और अगले चुनाव में ऐसा नहीं हुआ लेकिन अब तैयारी गुर्जर फैक्टर पर ही मानी जा रही है। क्योंकि दो बार महिला सीट के बाद अब ये सीट या तो पुरूष ओबीसी होगी या महिला सीट होगी तो ये दावेदारी हो सकती है। पप्पू पहलवान चेयरमैन वाली तैयार में हो सकते हैं।त

ााकतवर नेता हैं और अपने व्यवहार से उन्होंने एक बड़ा नेटवर्क तैयार किया है। माना ये भी जाता है कि वो जानते है कि साहिबाबाद विधानसभा पर गुर्जर फैक्टर नहीं चलेगा लेकिन नगरपालिका पर ये फैक्टर चल सकता है। पप्पू पहलवान अनुभवी नेता हैं और खोड़ा सीट पर गुर्जर चेहरे के रूप में यहां बात बन सकती है। सीट महिला होती है तो भी सीट पुरूष होती है तो भी यहां पप्पू पहलवान की आमद हो चुकी है। उम्मीदें राजनीति में हमेशा कायम रहती हैं। पप्पू पहलवान का आखिर क्या ऐसा प्लान है जो वो खोड़ा पर ध्यान दे रहे हैं।

# हत्या केस में लापरवाही पर कस्बा चौकी प्रभारी सस्पेंड, पुलिस कमिश्नर ने बैठाई जांच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बड़ी कार्रवाई की है। लोनी थानाक्षेत्र की कस्बा चौकी प्रभारी अनमोल को सोनू जाटव हत्या मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह मामला लोनी के बाग राणप गांव से जुड़ा है, जहां कुछ समय पूर्व सोनू जाटव की हत्या हुई थी। बताया जा रहा है कि इस गंभीर मामले में शुरूआती स्तर पर पुलिस द्वारा अपेक्षित तत्परता नहीं दिखाई गई, जिससे जांच प्रभावित हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने न केवल चौकी प्रभारी अनमोल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया, बल्कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के आदेश भी दे दिए हैं।

**लोनी क्षेत्र के बाग राणप गांव में युवक सोनू जाटव की हत्या के मामले में कार्रवाई, विधायक के पत्र के बाद तेज हुई जांच**





सूत्रों के अनुसार, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी। विधायक लोनी ने अपने पत्र में आरोप लगाया था कि पुलिस की लापरवाही के चलते पीड़ित परिवार को समय पर न्याय नहीं मिल पाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में भी साफ संदेश गया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दें कि


सोनू जाटव हत्याकांड में लापरवाही पर कार्रवाई कस्बा चौकी प्रभारी अनमोल निलंबित विधायक के पत्र के बाद जांच तेज पुलिस कमिश्नर ने दिए विस्तृत जांच के आदेश दे दिया गया है।

# स्मार्ट मीटर ने जनता की नींद छीन ली

## सरकार तुरंत बंद करे यह व्यवस्था : सिकंदर यादव

## बढ़ते बिल और अचानक कटौती से लोग परेशान, सपा नेता का हमला






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ती शिकायतों के बीच सपा नेता सिकंदर यादव ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि महंगाई से जूझ रही जनता पर स्मार्ट मीटर थोपकर नई परेशानी खड़ी कर दी गई है।

सिकंदर यादव ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद लोगों को रोज बैलेंस चेक करना पड़ रहा है। रात को बैलेंस देखकर सोते हैं और सुबह बिजली कटी मिलती है, जिससे आम आदमी की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार रिचार्ज करने के बावजूद कनेक्शन चालू नहीं होता। कभी सर्वर डाउन तो कभी नेटवर्क स्लो–इन खामियों का सीधा असर जनता पर पड़ रहा है।

सपा नेता ने बढ़ते बिजली बिलों को भी बड़ा मुद्दा बताते हुए कहा कि पहले जहां औसत बिल 5 हजार रुपये था, अब वही 8 से 9 हजार रुपये तक पहुंच रहा है। उन्होंने स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली और प्राइवेसी को लेकर भी सवाल उठाए।

अंत में उन्होंने सरकार से मांग की कि जनहित में स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर तुरंत रोक लगाई जाए, अन्यथा जनता का आक्रोश और बढ़ेगा।

# क्यों चल रही है ये चर्चा और क्यों हो रहा है उन्हें ये महसूस

## कोई तो है इस दफ्तर में विधायक जी का जासूस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गर्मी के प्रचन्ड मौसम में फूल वाले कूल नहीं है। किसी के लहजे बबूल हैं तो किसी के शब्दों में शूल है। तापमान बढ़ रहा है और इसी के साथ यहां पारा भी उबाल पर है। कभी यूपी गेट पर हाथापाई हो रही है तो कभी दफ्तर के कमरे में हाथ मरोड़े जा रहे हैं। इन सबके बीच जो बात धीरे धीरे निकलकर सामने आ गयी है वो ये है कि दफ्तर में जासूस छोड़े जा रहे हैं। जुबान तक चर्चा आयी है तो कान तक भी आयेगी। बताते हैं कि बात को बल तब मिला जब कई बातें इस दफ्तर की चार दीवारी से निकल सदन वालों के कानों तक पहुंच गयीं।



अब बताने वाले ये बता रहे हैं कि एक तो वैसे ही वो विधायक जी से परेशान हैं और अब ये दिक्कत कि यहां होने वाली हर एक्टिविटी पर विधायक जी के कान हैं। ऐसे में तलाशउस इंसान की हो रही है जो विधायक जी के कान और आंख बनकर यहां से हर घटनाक्रम की अपडेट देता है और फिर जुबान बरनकर विधायक जी तक पहुंचा देता है। सूत्र बताते हैं कि अब उस जासूस की तलाश शुरू हो गयी है और अब वो काफी हद तक रडार पर आ भी गया है। अंदरखाने चर्चा ये हो रही है कि आखिर यहां जो बातें होती हैं वो बिना फिल्टर के बाहर जा रही हैं। बताते हैं कि सिस्टम के लोगों को अलर्ट कर दिया गया है।

सूत्र बताते हैं कि अब बातों को वहां तक पहुंचाने वाले को फंसाने के लिए यहां जाल लगा दिया गया है। रणनीति ये भी बनी है कि कुछ बातें जानबूझकर हवा में छोड़ी जायेंगी और फिर इस बात का पता लगाया जायेगा कि विधायक जी तक ये बातें कितनी देर में पहुंचती हैं। कहानी में सबसे रोचक प्वाईंट ये है कि अगर विधायक जी के जासूस ईधर हैं तो उन्हें ये महसूस भी नहीं है कि जासूस विधायक जी के उधर भी हैं।

विधायक जी के यहां क्या चल रहा है इसकी भी अपडेट आ रही हैं। क्या बातें हो रही हैं ये ईधर से उधर हो रही हैं। लेकिन जो ताजा अपडेट है वो ये है कि विधायक जी का जासूस रडार पर है और कभी भी पकड़ा जा सकता है।

# पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी के समर्थक हैं असमंजस में

## आखिर वो क्यों नहीं खोल रहे अभी तक विधानसभा के चुनावी पत्ते

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 2027 का चुनाव रण शुरू हो चुका है। खिलाड़ियों ने फिल्डिंग लगा ली है। योद्धाओं ने चुनावी अस्त्र शस्त्र संभाल लिये हैं। माना ये जा रहा है कि 2026 के अंत में दिसम्बर महीने में चुनावी बिगुल बज जायेगा। दावेदारियों का एक सैलाब आयेगा। दावेदारों ने अभी से कमान संभाल ली है। वो होर्डिंग से लेकर सामाजिक आयोजनों में नजर आने लगे हैं।

पूर्व विधायकों की बात करें तो यहां अमरपाल शर्मा मुद्दों को लेकर एक्टिव दिखाई देते हैं। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी अभी खामोश हैं। उनकी ये



खामोशी उनके समर्थकों को अखर रही है। दरअसल सुरेन्द्र मुन्नी राजनीति का पुराना और मजबूत प्रोफाईल है। कई बार विधायक रहे हैं और राजनीति के एक ऐसे फेस है जिनके पास अपना मजबूत बेस है। चुनाव नजदीक है और ऐसे में पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी के समर्थक इस असमंजस में हैं कि आखिर उनके नेता चुनावी पत्ते क्यों नहीं खेल रहे। वो चुनाव लड़ेगे तो किस पार्टी से लड़ेगे, कौन सी विधानसभा होगी। वो रणनीति उजागर ही नहीं कर रहे हैं। पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी की इस खामोशी से समर्थक परेशान हैं, वो चाहते हैं कि एलान होना चाहिए।

वैसे भी पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी एक ऐसे नेता हैं जिन्हें सियासत अपने पिता से विरासत में मिली है और वो अपनी सियासत को विरासत में अपने पुत्र को दे सकते हैं। लेकिन पूर्व विधायक मजबूत वोट बैंक के होते हुए भी अभी तक राजनीतिक माहौल को भांप रहे हैं। सुरेन्द्र मुन्नी राजनीति के उन चेहरों में भी है जिनका व्यवहार हमेशा शिष्ट रहता है। जो समाज के हर सुख दुख में दिखाई देते हैं।

ऐसे नेता अपनी दावेदारी को लेकर क्यों साईलेंट मोड में हैं। उनके समर्थक इस बात को जानना चाहते हैं वो ये जानना चाहते हैं कि ये पता तो चले कि सुरेन्द्र मुन्नी का चुनावी प्लान क्या है। उनके समर्थकों की यही जिज्ञासा है और एक जिज्ञासा ये भी है कि क्या पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी के सुपुत्र राजनीति के नये चेहरे के रूप में मैदान में आयेंगे।

# भगवा दफ्तर में छाया हुआ है कौन सी बैठक को लेकर सस्पेंस

## सुना है क्षेत्र वालों ने आकर दोनों को साथ बिठाया और काफी देर समझाया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** फूल वालों के दफ्तर में एक तकरार हो गयी। मंच को लेकर घमासान हुआ और फिर शब्दों का ऐसा पंच आया कि सुनने वालों ने कान बंद कर लिए। कहीं हाथ मरोड़ने की बात तो कहीं पुराने किस्सों को उजागर करती बातें। तू तड़ाक से शुरू होती कहानी काफी आगे बढ़ी और फिर किस्सा ऐसा बाहर आया कि केवल फ्लॉवर वालों ने नहीं बल्कि इस जुबानी जंग का किस्सा अन्य दलों ने भी चटकारे लेकर सुनाया गया। एक्शन की बात होने लगी, रिएक्शन की बात होने लगी ओर नसीहत की बरसात होने लगी। सूत्र बताते हैं कि बुधवार की दोपहरी में भगवा दफ्तर पर क्षेत्र वाले ठाकुर साहब पहुंचे। महिलाओं का मामला था तो क्षेत्र वाली दीदी भी आयी थीं। बताते हैं कि दोपहर बारह बजे ठाकुर साहब और कौशिक दीदी की आमद हो गयी थी। आने का प्रोग्राम पहले से ही तय रहा होगा क्योंकि जिन दो चेहरों में भिडंत हुई थी उन दो चेहरों की भी वहां पहले से मौजूदगी थी। बारह बजे से ये चर्चा हुई और दोपहर एक बजे तक बात चली है। मामला पूरा क्षेत्र वालों के संज्ञान में है मामला पूरा प्रदेश वालों के संज्ञान में हैं। सूत्र बताते हैं कि महिलामोर्चा वाली दीदी भी निर्देशों के बाद भी आयी हैं और क्षेत्र वाले ठाकुर साहब भी पड़ौस वाले जिले से चलकर आये हैं। अब समझाने का कितना असर पड़ा है ये तो समझाने वाले ओर समझने वाले जानें लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि एक घंटे से भी ज्यादा समय की क्लास चली है। सस्पेंस इसी बात को लेकर बना हुआ है कि डिस्टैंस खत्म हुआ या नहीं। सस्पेंस इस बात को लेकर भी बना हुआ है कि निष्कासन वाला प्लान कैंसिल हो गया है या फिर अभी एक्शन होना बाकी है। हालाकि सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में दोनों की माफी को ही काफी मान लिया जायेगा। और ये भी बता दिया गया है कि ये घटना आईंदा रिपीट नहीं होनी चाहिए।

# डीसीपी सिटी ने की बड़ी कार्रवाई

## 21 शातिर अपराधियों पर कसा शिकंजा

**5 पर गैंगस्टर, 10 पर गुंडा एक्ट और 6 हिस्ट्रीशीटर घोषित किया**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने अपराध नियंत्रण के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 21 शातिर अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सीपी जे रविंदर गौड के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई, जिसमें शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अपराधियों को चिन्हित कर सख्त कदम उठाए गए। आईपीएस

सिटी जोन डीसीपी धवल जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अलग-अलग थानों की पुलिस ने समन्वय बनाकर यह कार्रवाई की। अभियान के तहत 5 कुख्यात अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, 10 के खिलाफ गुंडा एक्ट और 6 अपराधियों को हिस्ट्रीशीटर घोषित कर उनकी निगरानी शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, इन सभी अपराधियों के खिलाफ गाजियाबाद समेत अन्य जनपदों में कुल 154 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें



मादक पदार्थों की तस्करी, चोरी, लूटपाट और अन्य संगीन अपराध शामिल हैं।

गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई किए गए अपराधियों में इमरान, लिसान, वसीम, सकील और अश्वनी शामिल हैं, जिनमें से कई एनडीपीएस और चोरी जैसे मामलों में पहले से वांछित रहे हैं। वहीं हिस्ट्रीशीटर बनाए गए अपराधियों में विभिन्न थाना क्षेत्रों के कई सक्रिय अपराधी शामिल हैं, जिनकी गतिविधियों पर अब पुलिस लगातार नजर रखेगी।

डीसीपी सिटी जोन ने स्पष्ट किया कि अपराधियों के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि शहर में कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे और आम जनता को सुरक्षित माहौल मिल सके।



# वैभव सूर्यवंशी का बल्ला बोला: धोनी जैसे अंदाज से पंजाब पर कहर बनकर टूटे

## तीन शॉट्स ने फैंस को कर दिया हैरान

**न्यू चंडीगढ़।** आईपीएल 2026 में 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 16 गेंदों पर 43 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें तीन शानदार हेलीकॉप्टर शॉट शामिल रहे। उनके शॉट्स ने फैंस को महेंद्र सिंह धोनी की याद दिला दी। पूर्व भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने भी युवा बल्लेबाज की जमकर तारीफ की है।

राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में भले ही अर्धशतक नहीं लगाया, लेकिन अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने सिर्फ 16 गेंदों में 43 रन ठोक दिए, जिसमें तीन चौके और पांच छक्के शामिल रहे। सबसे खास बात रही उनके तीन हेलीकॉप्टर शॉट्स, जिन्होंने क्रिकेट प्रेमियों को तुरंत महेंद्र सिंह धोनी की याद दिला दी। वैभव ने एक हेलिकॉप्टर शॉट अर्शदीप सिंह के खिलाफ लगाया, जबकि दो शॉट लॉकी फर्ग्यूसन की गेंदों पर खेले।

वैभव के इन शॉट्स के बाद सोशल मीडिया पर फैंस लगातार उनकी तुलना एमएस धोनी से कर रहे हैं। कई लोगों ने कहा कि यह शॉट देखकर पुराने दिनों की याद ताजा हो गई। 15 साल की उम्र में इस तरह की निडर बल्लेबाजी ने क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया है।





### ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे

पंजाब किंग्स के खिलाफ 43 रन की पारी के बाद वैभव इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने अभिषेक शर्मा को पीछे छोड़ दिया। अब तक वैभव 168 गेंदों में 400 रन बना चुके हैं और उनका स्ट्राइक रेट 238.09 का है। वह आईपीएल इतिहास में एक सीजन में सबसे तेज 400 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

### शिखर धवन ने की तारीफ

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन भी वैभव से काफी प्रभावित नजर आए। उन्होंने कहा, 'वैभव सूर्यवंशी बहुत अच्छा कर रहे हैं। मैं उनसे बेहद प्रभावित हूं। जिस तरह वह 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले गेंदबाजों का आसानी से सामना कर रहे हैं, वह शानदार है। वह दिन दूर नहीं जब वह भारत के लिए डेब्यू करेंगे।'

### भविष्य का सितारा

वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन जसप्रीत बुमराह और जोश हेजलवुड जैसे दिग्गज गेंदबाजों के खिलाफ भी शानदार बल्लेबाजी की है। उनकी परिपक्वता और आत्मविश्वास देखकर माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट को भविष्य का बड़ा सितारा मिल गया है।

# पंजाब किंग्स के स्टार बल्लेबाज के छक्के से फैन घायल, खून से लथपथ हुआ चेहरा

**न्यू चंडीगढ़।** आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के मुकाबले के दौरान एक दर्दनाक घटना देखने को मिली, जब प्रियांश आर्य का जोरदार छक्का स्टैंड में बैठे बुजुर्ग फैन के चेहरे पर जा लगा। फैन खून से लथपथ हो गया और उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। वहीं मैच में राजस्थान रॉयल्स ने 223 रन का लक्ष्य हासिल कर पंजाब किंग्स को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया।

आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के मुकाबले के दौरान एक दर्दनाक घटना देखने को मिली, जब प्रियांश आर्य का जोरदार छक्का स्टैंड में बैठे बुजुर्ग फैन के चेहरे पर जा लगा। फैन खून से लथपथ हो गया और उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। वहीं, मैच में राजस्थान रॉयल्स ने 223 रन का लक्ष्य हासिल कर पंजाब किंग्स को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया।

छक्के से घायल हुआ बुजुर्ग फैन मुल्लांपुर में खेले गए पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के मुकाबले के दौरान दूसरी ओवर में यह घटना हुई। नांद्रे बर्गर की गेंद पर प्रियांश आर्य ने लंबा छक्का जड़ा, लेकिन गेंद सीधे स्टैंड में बैठे एक बुजुर्ग दर्शक के चेहरे पर जा लगी।





### प्रियांश ने खेली तेज पारी

इस घटना के बावजूद प्रियांश आर्य ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने सिर्फ 11 गेंदों में 29 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। हालांकि तीसरे ओवर में जोफ्रा आर्चर ने उन्हें आउट कर दिया।

### पंजाब ने बनाया 222 रन का विशाल स्कोर

पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने 4 विकेट पर 222 रन बनाए। मार्कस स्टोइनिस ने विस्फोटक अंदाज में 22 गेंदों पर नाबाद 62 रन बनाए, जिसमें चार चौके और छह छक्के शामिल रहे। प्रभसिमरन सिंह ने भी 44 गेंदों में 59 रन की अहम पारी खेली 223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान को वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने शानदार शुरूआत दिलाई।

# 'पीएम मोदी के साथ फुटबॉल खेलने का अनुभव रोमांचक, कभी न भूलने वाला'

**गंगटोक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार की सुबह गंगटोक में लोक भवन में 17 युवा फुटबॉलरों के साथ फुटबॉल खेला था। पीएम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से युवा खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए अपनी कुछ तस्वीरें भी साझा की थीं। इसके अलावा, पीएम ने खिलाड़ियों से खेल को गंभीरता से लेने और ओलंपिक में खेलने के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी थी। प्रधानमंत्री से मिलने के बाद सभी युवा खिलाड़ी काफी उत्साहित और खुश नजर आए। खिलाड़ियों ने पीएम के साथ बिताए लम्हों को कभी न भूलने वाला बताया।



प्रीकिला तमांग ने आईएएनएस से कहा, 'हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फुटबॉल खेलने का अवसर प्राप्त हुआ। यह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। हम बहुत खुश हैं और खुद को सौभाग्यशाली समझते हैं। हम 17 खिलाड़ियों और एक रेफरी के लिए यह जिंदगी में एक बार आने वाला अवसर था। हम इसे जिंदगी में कभी नहीं भूलेंगे।'

तमांग ने कहा कि मैं अपने राज्य के मुख्यमंत्री, खेल मंत्रालय और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को आयोजित करने में शामिल सभी अधिकारियों को धन्यवाद देना चाहती हूं कि हमें यह अवसर मिला।

# श्रीलंका क्रिकेट में भूचाल, अध्यक्ष और कार्यकारी समिति के सदस्यों का इस्तीफा

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट में बड़ा प्रशासनिक संकट सामने आया है। विवाद के बीच बोर्ड अध्यक्ष और कार्यकारी समिति के कई सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया है। इस घटनाक्रम के बाद श्रीलंका क्रिकेट में नेतृत्व और भविष्य की योजनाओं को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है।

श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने बोर्ड की एग्जीक्यूटिव कमेटी (कार्यकारी समिति) के सदस्यों के साथ तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके को आधिकारिक रूप से इस्तीफों की जानकारी दे दी गई है। बुधवार को श्रीलंका क्रिकेट की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, 'यह फैसला औपचारिक रूप से राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और युवा मामले और खेल मंत्री, सुनील कुमारा गमागे को बता दिया गया है।' अब श्रीलंका सरकार ने बोर्ड का प्रशासन अपने हाथ में लेने का फैसला किया है।




श्रीलंका के खेल मंत्री सुनील कुमारा गमागे ने एक विज्ञप्ति में कहा, '1973 की खेल कानून की संख्या 25 की धारा 31 और 34 के तहत प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीलंका क्रिकेट के सभी प्रशासनिक कार्यों को अस्थायी रूप से खेल मंत्रालय के अधीन लाया जाएगा।' उन्होंने इसके साथ ही कहा कि मौजूदा पदाधिकारियों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए गए हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्रीलंकाई क्रिकेट में मौजूदा समस्याओं का समाधान करने और सुधारों को लागू करने के लिए जल्द ही एक अंतरिम समिति गठित की जाएगी।

65 साल के सिल्वा 2019 से श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष थे। उन्हें 2021, 2023 और 2025 में बिना किसी विरोध के श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। सिल्वा का इस्तीफा राष्ट्रीय पुरुष टीम के प्रदर्शन में गिरावट और कुप्रबंधन के आरोपों की बढ़ती आलोचना के बीच आया है। श्रीलंका इस साल के टी20 विश्व कप के सुपर आठ स्टेज तक पहुंचने में नाकाम रहा था।


सिल्वा ने 2025 में एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया, जहां उन्होंने जय शाह की जगह कार्यभार संभाला था, जिसमें वे भारत के साथ मिलकर आयोजित होने वाले इस चुनाव को श्रीलंका क्रिकेट एडमिनिस्ट्रेशन में बदलाव का कारण बताया गया है।

श्रीलंका का 1973 का खेल कानून मंत्री को खेल फेडरेशन को भंग करने का अधिकार देता है, हालांकि चुनी हुई संस्थाओं में इस तरह का दखल इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के चार्टर के खिलाफ है। समझा जाता है कि आईसीसी को इस गतिविधि के बारे में जानकारी दी गई है। नए चुनावों की टाइमलाइन अभी साफ नहीं है।

सिल्वा को पहले 2023 में श्रीलंका क्रिकेट प्रमुख के पद से हटा दिया गया था। उस समय राष्ट्रीय टीम का प्रदर्शन 2023 वनडे विश्व कप में खराब रहा था। इसके बाद आईसीसी ने बोर्ड को निलंबित कर दिया था। इसकी वजह से 2024 का पुरुष अंडर-19 विश्व कप भी श्रीलंका से दक्षिण अफ्रीका शिफ्ट कर दिया गया था। सिल्वा 2025 में फिर से बोर्ड अध्यक्ष के रूप में लौटे थे।

# कभी खुशी से झूमीं तो कभी दिल पर हाथ रख ली राहत की सांस अपनी अदाओं से छाईं प्रीति जिंटा, दी फ्लाइंग किस





**न्यू चंडीगढ।** आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के मैच के दौरान प्रीति जिंटा अपने शानदार रिएक्शंस से चर्चा में रहीं। कभी खुशी से मुस्कुराती हुई नजर आईं तो कभी राहत की सांस लेती दिखीं।

आईपीएल 2026 में मंगलवार को मुल्लांपुर में खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। राजस्थान ने 223 रन का लक्ष्य 19.2 ओवर में चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। हालांकि, इस मैच से ज्यादा चर्चा पंजाब टीम की सह मालकिन प्रीति जिंटा की अदाओं का हो रहा है। 51 साल की उम्र में भी प्रीति अपनी खूबसूरती और क्यूटनेस ने कहर ढा रही हैं। प्रीति लगभग पंजाब के हर मैच में अपनी टीम को सपोर्ट करने पहुंचती हैं।

हालांकि, मंगलवार के मुकाबले में दिलचस्प टक्कर देखने को मिली और हालात के हिसाब से प्रीति के चेहरे का एक्सप्रेशन भी बदलता रहा। कभी उनके चेहरे पर उदासी रही तो कभी वह खुशी से चहक उठीं। कभी वह दिल पर हाथ रखकर राहत की सांस लेती दिखीं। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट्स में फैंस दावा कर रहे हैं कि प्रीति ने 15 साल के राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को फ्लाइंग किस भी दी।

दरअसल, मैच के दौरान प्रीति जिंटा के अलग-अलग एक्सप्रेशंस का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। वह जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर की गेंदों पर प्रियांश आर्य के सिक्स को एंजॉय करती दिखीं। पंजाब की पारी के दूसरे ओवर में आर्चर की गेंद पर एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से शानदार छक्का लगाया था। दर्शक दीर्घा में बैठीं प्रीति जिंटा भी इससे खूब खुश नजर आईं और उनके चेहरे पर मुस्कान दिखी।


हालांकि, जब आरआर की पारी के दौरान 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने पंजाब के गेंदबाजों की धुनाई शुरू की तो प्रीति के चेहरे पर उदासी दिखी थी। जैसे ही वैभव कैच आउट हुए, प्रीति ने दिल पर हाथ रखकर चैन की सांस ली।

वहीं, कई सोशल मीडिया पोस्ट में यह कहा जा रहा है कि मैच की शुरूआत से पहले और टॉस के बाद जब प्रीति जिंटा स्टेडियम में पहुंचीं तो उन्होंने कथित तौर पर वैभव को देखा और फ्लाइंग किस दी। वीडियो में जब जिंटा फ्लाइंग किस दे रही थीं, तभी कैमरा वैभव की ओर घूमा, जो मुस्कुराते हुए दिखे। उनके साथ यशस्वी जायसवाल खड़े दिखे, जो इस 15 साल के बल्लेबाज के साथ मस्ती मजाक करते दिख रहे थे। प्रीति ने फिर फैंस को भी फ्लाइंग किस दी। इस वीडियो की प्रमाणता की पुष्टि नहीं करता है। इस बात का भी खुलासा नहीं हो सका है कि यह असली है या फैन मेड है। कुछ फैंस इस वीडियो को पोस्ट करने वालों की आलोचना भी करते दिखे।

# मुंह ढककर लड़ोगे तो सीधा रेड कार्ड!

## फीफा विश्वकप से पहले खिलाड़ियों की चालाकी पर कसा शिकंजा

**वैंकूवर।** फुटबॉल में खिलाड़ियों के व्यवहार पर लगाम लगाने के लिए नया बड़ा नियम लागू किया गया है। अब बहस के दौरान मुंह ढककर बात करने पर खिलाड़ी को लाल कार्ड मिल सकता है। साथ ही विश्व कप 2026 के लिए पीले कार्ड नियमों में भी बदलाव किया गया है।



विश्व फुटबॉल की नियम निर्धारक संस्था इंटरनेशनल फुटबॉल एसोसिएशन बोर्ड ने बड़ा फैसला लेते हुए नया नियम मंजूर किया है। अब अगर कोई खिलाड़ी विरोधी खिलाड़ी से बहस के दौरान अपना मुंह ढककर बात करता है, तो उसे सीधे लाल कार्ड दिखाया जा सकता है। यह फैसला वैंकूवर में हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। नया नियम 11 जून से शुरू होने वाले विश्व कप 2026 में लागू होगा।

### विनीसियस जूनियर विवाद के बाद फैसला

यह नियम उस विवाद के बाद सामने आया है जिसमें रियल मैड्रिड स्टार विनीसियस जूनियर ने फरवरी में चैंपियंस लीग मैच के दौरान बेनफिका के जियानलुका प्रेस्टियानी पर मुंह ढककर नस्लीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया था। इस मामले में यूईएफए ने प्रेस्टियानी पर छह मैचों का प्रतिबंध लगाया था। यदि वह अर्जेंटीना की विश्व कप टीम में चुने जाते हैं, तो शुरूआती मैचों से बाहर रह सकते हैं।

### आईएफएबी ने क्या कहा?


आईएफएबी ने अपने बयान में कहा, 'किसी विरोधी खिलाड़ी के खिलाफ बहस के दौरान मुंह ढकने वाले किसी भी खिलाड़ी को लाल कार्ड से दंडित किया जा सकता है।' इस बयान के बाद साफ हो गया है कि फुटबॉल में अब गुप्त बातचीत या अपमानजनक टिप्पणी छिपाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# रजत पाटीदार को दिग्गज शॉन पोलक ने RCB का सबसे महान कप्तान बताया

**बंगलूरू।** आईपीएल 2026 में शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लेकर पूर्व दिग्गज शॉन पोलॉक ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और अनिल कुंबले जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए रजत पाटीदार को RCB का सबसे महान कप्तान बताया। पोलॉक का मानना है कि पाटीदार ने टीम को पहली बार खिताब जिताकर इतिहास रच दिया।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस सीजन बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। टीम ने आठ में से छह मैच जीतकर प्लेऑफ की दावेदारी मजबूत कर ली है। इसी बीच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज शॉन पोलक ने आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार की जमकर तारीफ की। पोलक ने कहा, 'वह आरसीबी के सबसे महान कप्तान माने जाएंगे। सीधी बात है, अपने पहले ही साल कप्तान बनकर उन्होंने टीम को खिताब जिताया। इस साल भी टीम लगभग प्लेऑफ में पहुंच चुकी है।' उन्होंने आगे कहा, 'इतने वर्षों तक ट्रॉफी नहीं जीतने वाली फ्रेंचाइजी की कमान संभालना और फिर उसे चैंपियन बनाना बड़ी उपलब्धि है। इस समय वह आरसीबी के ऋडअळ यानी ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम कप्तान हैं।' हाल ही में पंजाब किंग्स कप्तान श्रेयस अय्यर से पूछा गया कि वह किस कप्तान से सीखना चाहेंगे।



### विराट, द्रविड़ और कुंबले से आगे

रजत पाटीदार ने आईपीएल 2025 में कप्तानी संभाली थी और पहले ही सीजन में वह कर दिखाया जो विराट कोहली, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले और फाफ डुप्लेसिस जैसे कप्तान नहीं कर सके थे। पाटीदार ने आरसीबी को पहला आईपीएल खिताब दिलाया। इसी वजह से अब उन्हें फ्रेंचाइजी इतिहास का सबसे सफल कप्तान माना जा रहा है।

### दिनेश कार्तिक ने भी की तारीफ

आरसीबी के बल्लेबाजी कोच और मेंटर दिनेश कार्तिक ने भी पाटीदार के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि रजत मैदान पर शांत रहते हैं, दबाव में घबराते नहीं और गेंदबाजों का इस्तेमाल समझदारी से करते हैं। कार्तिक के मुताबिक, टीम में पाटीदार को काफी सम्मान मिलता है और उन्हें विराट कोहली, जोश हेजलवुड, क्रुणाल पांड्या और भुवनेश्वर कुमार जैसे अनुभवी खिलाड़ियों का भी अच्छा सहयोग मिलता है।

# 16 बार की चैंपियन चीन से भारत को मिली हार

## उबेर कप बैडमिंटन में समाप्त हुआ सफर; सिंधू ने किया निराश

**होर्सेंस।** भारतीय महिला टीम का उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है। भारत को चीन के खिलाफ एकतरफा अंदाज में हार मिली। इस मुकाबले में पीवी सिंधू खुद को मिले मौके का फायदा नहीं उठा सकीं।



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मजबूत स्थिति में होने का फायदा नहीं उठा पाईं, जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जिससे भारत उबेर कप में चीन से 0-5 से हारकर इस बैडमिंटन टूनार्मेंट से बाहर हो गया। भारतीय महिला टीम ने मेजबान डेनमार्क से 2-3 की हार के साथ शुरूआत की थी, लेकिन उसके बाद उसने यूक्रेन पर 4-1 से जीत हासिल करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद बनाए रखी थी।

### चीन से गंवाए हैं पिछले तीन मुकाबले

उबेर कप में 16 बार के चैंपियन चीन से भारत को पिछले तीनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। सिंधू निर्णायक सेट में 18-12 से आगे थीं, लेकिन आखिर में वह विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झियी से 16-21, 21-19, 19-21 से हार गईं। इससे चीन ने सोमवार को ग्रुप ए के इस महत्वपूर्ण मुकाबले में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा पहले युगल मुकाबले में विश्व की नंबर एक जोड़ी लियू शेंग शू और टैन निंग के सामने नहीं टिक पाईं और 11-21, 8-21 से हार गईं। ईशारानी बरुआ ने टोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई के सामने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन विश्व में 38वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में 20-19 पर एक आसान मौका गंवा दिया। विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी युफेई ने यह मैच 44 मिनट में 22-20, 21-13 से जीतकर चीन को 3-0 की अजेय बढ़त दिला दी।

दूसरे युगल में त्रीसा जॉली और कविप्रिया सेल्वम की जोड़ी को 59 मिनट तक चले मुकाबले में लूओ जू मिन और झांग शू जियान से 10-21, 21-12, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व में 43वें नंबर की खिलाड़ी देविका सिहाग ने भी अच्छी शुरूआत की लेकिन वह लय बरकरार रखने में विफल रहीं और तीसरे एकल में विश्व में 97वें नंबर की खिलाड़ी जू वेन जिंग से 21-19, 17-21, 10-21 से हार गईं। भारत की निगाहें अब पुरुष टीम पर टिकी हैं जो थॉमस कप में ग्रुप ए में अपने आखिरी मुकाबले में चीन का सामना करेगा।

# लक्ष्य सेन को मिली ली शि फेंग से करारी शिकस्त भारत थॉमस कप फाइनल में चीन से 0-1 से पीछे

**लक्ष्य सेन दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शि फेंग से तीन गेम तक चले मुकाबले में हार गए। भारत बुधवार को थॉमस कप फाइनल्स के ग्रुप ए के आखिरी मुकाबले में चीन से 0-1 से पीछे हो गया।**

**नई दिल्ली।** लक्ष्य सेन दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शि फेंग से कड़ा संघर्ष करने के बावजूद तीन गेम तक चले मुकाबले में हार गए जिससे भारत बुधवार को थॉमस कप फाइनल्स के ग्रुप ए के आखिरी मुकाबले में चीन से 0-1 से पीछे है। लक्ष्य ने पिछले महीने 'ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप' में ली को हराया था। वह बुधवार को निर्णायक गेम में उसी फॉर्म को दोहरा नहीं पाए और 19-21, 21-8, 12-21 से पराजित हो गए।

अब भारत दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के जरिए मुकाबले को बराबर करने की कोशिश करेगा। इनका सामना दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग से होगा। बाकी मैचों में आयुष शेट्टी का सामना वेंग होंग यांग से होगा जबकि हरिहरन अमसकारुनन और एमआर अर्जुन की युगल जोड़ी ही जी टिंग और रेन जियांग यू की जोड़ी से भिड़ेगी।



लक्ष्य 3-6 से पीछे चल रहे थे, उन्होंने क्रॉस कोर्ट स्लाइस और तेज स्मैश के बाद ली के शॉट के बाहर जाने से वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर लिया।

दोनों खिलाड़ियों के बीच जोरदार स्मैश लगे जिसके बाद ली ने 10-8 की बढ़त बना ली और ब्रेक तक बढ़त बनाए रखी। ब्रेक के बाद लक्ष्य ने 14-13 से आगे निकल गए। लेकिन मुकाबला बेहद कड़ा हो गया और दोनों खिलाड़ी 19-19 पर बराबरी पर आ गए। इसके बाद ली ने लगातार दो निर्णायक अंक हासिल करते हुए पहला गेम जीत लिया।

दूसरा गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा। ली की तरफ से हुई कई गलतियों का फायदा उठाते हुए लक्ष्य तेजी से 5-0 और फिर 11-2 से आगे निकल गए। भारतीय खिलाड़ी ने लगातार दबाव बनाए रखा और मुकाबले को निर्णायक तीसरे गेम तक खींच ले गए। तीसरे गेम में लक्ष्य 1-4 से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर लिया। हालांकि ब्रेक के समय तक ली ने लक्ष्य की गलतियों से बढ़त बना ली थी। लक्ष्य ने 10-12 के स्कोर पर एक सटीक क्रॉस कोर्ट रिटर्न के साथ एक लंबी रैली जीतकर ली के लिए चुनौती पेश की।

लेकिन उनके स्मैश में बार-बार हुई गलतियों ने ली को फिर से मैच पर नियंत्रण बनाने का मौका दे दिया। चीन के खिलाड़ी ने अपनी बढ़त को 17-12 तक बढ़ा दिया और जल्द ही आठ मैच प्वाइंट हासिल कर लिए। उन्होंने एक शानदार क्रॉस कोर्ट स्मैश लगाकर जीत दर्ज की।

# दिग्गज गोल्फर विजय कुमार का निधन

**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फ के दिग्गज और पूर्व इंडियन ओपन चैंपियन विजय कुमार का 57 साल की उम्र में निधन हो गया।

भारतीय गोल्फ के दिग्गज और पूर्व इंडियन ओपन चैंपियन विजय कुमार का 57 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने सोशल मीडिया के माध्यम से की है। पीजीटीआई ने चार बार के ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता के निधन पर शोक जताते हुए कहा, 'हमें भारतीय गोल्फ के एक सच्चे दिग्गज और पूर्व इंडियन ओपन चैंपियन, विजय कुमार के निधन से बहुत दुख हुआ है। उन्होंने स्कॉटलैंड के सेंट एंड्रयूज में खेले गए अल्फ्रेड डनहिल कप 1999 में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी असाधारण उपलब्धियां, उनके टैलेंट, वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और खेल के प्रति जुनून का नतीजा हैं, जिन्होंने भारतीय गोल्फ पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।'




# नोएडा में 30 एकड़ में बन रहा भव्य डियर पार्क सीईओ ने ली प्रगति की समीक्षा

## अक्टूबर 2026 तक उद्घाटन का लक्ष्य
## आगंतुकों के लिए आधुनिक सुविधाएं होंगी उपलब्ध




**नोएडा (करंट क्राइम)।** सेक्टर-91 में करीब 30 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किए जा रहे डियर पार्क की प्रगति को लेकर को नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी , वन्यजीव विशेषज्ञों और उद्यान विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में डियर पार्क के एंट्री प्लाजा के डिजाइन, हिरण एवं अन्य वन्य जीवों के लिए बनाए जाने वाले इनक्लोजर और पार्क निर्माण से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को पार्क में आगंतुकों की सुविधा के लिए बैटरी संचालित गोल्फ कार्ट, ईवी चार्जिंग स्टेशन, टॉयलेट, पेयजल व्यवस्था और धूप से बचाव के लिए हट विकसित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पार्क का उद्घाटन अक्टूबर 2026 तक कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी एवं वाइल्ड लाइफ प्लानिंग एक्सपर्ट प्रवीण चंद्र त्यागी सहित महाप्रबंधक (परियोजना), निदेशक उद्यान, उपनिदेशक उद्यान और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

प्राधिकरण के अनुसार गौतमबुद्धनगर और एनसीआर क्षेत्र में इस प्रकार का कोई वन्य हिरण पार्क वर्तमान में मौजूद नहीं है। डियर पार्क विकसित होने से जैव विविधता संरक्षण और वन्य जीव प्रजातियों के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि हिरणों की घटती संख्या को देखते हुए यह पार्क संरक्षण, शिक्षा और मनोरंजन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

सेंट्रल जू अथॉरिटी (सीजेडए) के दिशा-निर्देशों के अनुसार विकसित किया जा रहा यह डियर पार्क एक स्वतंत्र मिनी चिड़ियाघर इकाई के रूप में कार्य करेगा।

# पीड़ित महिला को ही पुलिस की धमकी, शिकायत तक नहीं लिखी

## मारपीट में घायल मां-बेटियों को नहीं मिला न्याय
## पुलिस पर लापरवाही के गंभीर आरोप




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में मारपीट की शिकायत दर्ज कराने गोविंदपुरी चौकी पहुंची एक महिला को कथित तौर पर पुलिस ने पीटने की धमकी दी। पुलिस पर आरोप है कि उसने न तो महिला की शिकायत दर्ज की और न ही उसका मेडिकल कराया, जबकि महिला और उसकी बेटियों को चोटें आई थीं। यह मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के बावजूद पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप है।

गोविंदपुरी स्थित सुचेतापुरी कॉलोनी की निवासी धर्मवती ने बताया कि उनके पड़ोसियों ने उनके घर के पते पर बिजली का मीटर लगवा लिया था। जब धर्मवती के परिवार ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। लात-घूसों से हमला कर धर्मवती, उनकी बेटी आशी और चंचल को गंभीर चोटें आईं।

मारपीट के बाद धर्मवती अपने परिवार के साथ तुरंत गोविंदपुरी चौकी शिकायत दर्ज कराने पहुंचीं। आरोप है कि चौकी प्रभारी ने उनकी मदद करने के बजाय उन्हें फटकार लगाई और धमकी दी कि उन्हें चौकी में बंद कर महिला पुलिसकर्मियों से पिटाई कराई जाएगी। पुलिस ने न तो उनकी शिकायत दर्ज की और न ही उनका मेडिकल कराया।

पुलिस की इस कथित लापरवाही से आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए। महिला ने बताया कि मारपीट करने वालों में कुछ दूसरे समुदाय की महिलाएं भी शामिल थीं। बुधवार को धर्मवती ने एसीपी मोदीनगर और एसएचओ मोदीनगर से इस संबंध में शिकायत की। एसीपी मोदीनगर ने पुलिस पर लगे आरोपों को पूरी तरह गलत बताया है। उन्होंने कहा कि प्रकरण में जांच कराई जा रही है और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




### बता रहे हैं फूल फर्जी दूतावास में खुल गया है अब बच्चों का स्कूल

उस पॉश ईलाके में जब लोग उस कोठी के आगे से गुजरते थे तो दिल्ली के चाणक्यपुरी वाली फील आती थी। फूल वालों के भी नहीं पता था कि उनके मौहल्ले में फर्जी दूतावास चल रहा है। बहरहाल जब दूतावास की पोल खुली तो पता चला कि ऐसे ऐसे देशों के राजदूत बन गये जो देश ही नहीं थे। दूतावास वाले जैन साहब को तो सब जानते हैं मगर दूतावास के जमीनी मालिक चौधरी साहब को कम लोग जानते हैं। चौधरी साहब भले आदमी हैं उन्हें ईल्म ही नहीं था कि क्या जुल्म हो रहा है। बहरहाल जैन साहब जेल में हैं और दूतावास खाली हो चुका है। लेकिन झंडे के फंडे अभी भी लागू हैं। हो सकता है इस कोठी से जुड़ा ये झंडे का कोई टोटका हो। फूल वाले बता रहे हैं कि अब दूतावास पर ताला लग गया है और यहां बच्चों के स्कूल का बोर्ड लग गया है। दूतावास से स्कूल की कहानी में एक चीज जो कॉमन है वो इस बिल्डिंग के बाहर लगे झंडे हैं। पहले दूतावास के झंडे लहरा रहे थे और अब स्कूल वाले भी इसी फैशन पर चलते हुए अपने झंडे लहरा रहे हैं। फूल वाले कह रहे हैं कि हो सकता है कि रेन्ट एग्रीमेंट की शर्त में ये तय हो कि झंडे लगाने ही पड़ेंगे। तभी तो स्कूल वालों ने भी लगाये हैं।

### भाजपा पार्षद ने क्यों कर दी समाजवादियों की खुलकर तारीफ

इन दिनों देवतुल्यों के पास प्रणाम है, आयाम है और कई बिना बताये काम हैं। रात में देवतुल्य का फोन कोई उठाये या ना उठाये लेकिन उन्हें बता दिया गया है कि रात्रि प्रवास में रूकना अनिवार्य है। प्रणाम तो कर ही रहे हैं और आयाम चल ही रहे हैं। एक जिम्मेदारी से निपटते हैं दूसरी आ जाती है। दावेदारी की बेला आती है तो ऐसा खेला हो जाता है कि कहीं दादा जी अपने पोते के लिए टिकट ले आते हैं और कहीं सिटिंग वाले को हटाकर हारे वाले को टिकट थमा दिया जाता है। ये सब बातें बताते हुए भाजपा का पार्षद समाजवादियों की तारीफ में बहुत कुछ कह गया। उसने जेवर वाली रैली से लेकर दादरी वाली रैली के बीच का आंकलन कर लिया। बता दिया कि हमारे यहां जिस बिरादरी के नेताओं को हाशिये पर कर दिया गया वहां उस बिरादरी के नेताओं को मंच पर सम्मान मिला। भाजपा पार्षद ने ये भी कहा कि वहां एक का दामन पकड़कर नदी पार तो हो जाती है, यहां तो कई दामनों में उलझकर दावेदारी की नईया ही डूब जाती है।।

### किस फ्यूचर दावेदार ने उखाड़ दिया हारे हुए उम्मीदवार का बोर्ड

सियासत की ये रवायत है कि यहां विरोधी अगर सगा भी हो तो भी उसका विरोध किया जायेगा। मिसाल केसरिया मौहल्ले से बाहर आयी है और सुना है कि नौबत तू तू मैं मैं से लेकर हाथापाई तक आई है। मौहल्ले में कई प्रोग्राम हुए और किसी साईकिल वाले ने होर्डिंग लगाया तो फ्लॉवर वालों को गुस्सा नहीं आया, हाथ वाले से भी कुछ नहीं कहा और साईकिल वालों को भी इग्नोर कर दिया । हाथी वाले तो खैर सीन में आते ही नहीं है। सुना है कि एक हारे हुए उम्मीदवार ने जब बोर्ड लगाया तो फ्लॉवर वाले फ्यूचर दावेदार ने केसरिया हारे हुए उम्मीदवार का बोर्ड उखाड़ दिया। इस बात का पता चलते ही केसरिया जंग का रंग फैल गया। यहां पर फ्यूचर दावेदार ने भी स्पष्ट कर दियाकि तुझसे लहर में जीता ना गया और हमसे बहस कर रहा है। बड़ा तू नामित पार्षद है जो तेरा बोर्ड उखड़ गया तो रिपोर्ट दर्ज होगी। सुना है मौहल्ले की केसरिया वार में भी दो गुट हो गये। सितम ये हुआ कि जब बड़े वालों के पास ये खबर पहुंची तो वो खुद ही न्यूट्रल गियर में हो गये। कह दिया कि आपस का विवाद है अपने आप सुलट लो।

# महिलाओं से ठगी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार पुलिस ने जेवरात और नकदी बरामद की, दो आरोपी फरार




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर पुलिस ने महिलाओं को झांसे में लेकर जेवरात ठगने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से ठगी के जेवरात और नकदी भी बरामद की गई है। यह गिरोह पिछले एक महीने में तीन वारदातों को अंजाम दे चुका था।

एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि 14 अप्रैल को दिल्ली-मेरठ मार्ग पर बस स्टैंड के पास एक महिला से जेवरात ठगे गए थे। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश के लिए एक टीम का गठन किया था। मंगलवार रात को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान भीम (निवासी शिव विहार कॉलोनी, कराला, कंझावला, दिल्ली), राजू सोलंकी और परवीन (दोनों निवासी लोनी, अंकुर विहार) के रूप में हुई है। गिरोह के दो अन्य सदस्य, अर्जुन (निवासी लोनी, अंकुर विहार) और मनोज (निवासी बुध विहार, दिल्ली) अभी फरार हैं।

पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उन्होंने 14 अप्रैल को मोदीनगर बस स्टैंड के पास, 12 अप्रैल को मुरादनगर रेलवे स्टेशन के पास एक महिला से सोने की चेन और 30 अप्रैल को बहरामपुर गोल चक्कर के पास एक महिला से जेवरात ठगे थे। वे सुनसान स्थानों पर महिलाओं को झांसे में लेकर ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे।

# मॉल ऑफ इंडिया के कैरेटलेन स्टोर से 20 लाख के जेवर चोरी, मां-बेटी गिरफ्तार




**नोएडा।** थाना सेक्टर-20 पुलिस ने मॉल ऑफ इंडिया स्थित कैरेटलेन ज्वेलरी स्टोर से लाखों रुपये के आभूषण चोरी करने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। रिस्तों में दोनों माँ बेटी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 20 लाख रुपये कीमत के चोरी किए गए जेवरात और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि 23 मई 2026 को कैरेटलेन स्टोर की मैनेजर ने थाना सेक्टर-20 में शिकायत दर्ज कराई थी कि स्टोर से लाखों रुपये के आभूषण चोरी हो गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मैनुअल इंटेलिजेंस और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए रिद्धि उर्फ रचना पुत्री शिवप्रसाद और सरिता गौतम पत्नी शिवप्रसाद को डीएलएफ मॉल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो चूड़ियां पीली धातु, एक चूड़ी पीली एवं सफेद धातु, चार ब्रेसलेट तथा तीन अंगूठियां बरामद की हैं। इसके अलावा घटना में इस्तेमाल की गई कार भी जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार दोनों महिलाओं के खिलाफ दिल्ली समेत अन्य स्थानों पर भी विभिन्न आपराधिक मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस इनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

## तालाब हादसों के पीड़ितों से आज मिलेगा सपा प्रतिनिधिमंडल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : लोनी इलाके में तालाब में हुई तीन दर्दनाक मौतों के बाद अब समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल आज पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेगा। यह मुलाकात इस मामले में अहम मानी जा रही है। बीते दिनों तालाब में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की जान चली गई थी, जिनमें 6 वर्षीय आतिफ, डाबर कॉलोनी निवासी शादान और दिल्ली से बुलाए गए गोताखोर सरताज उर्फ भूरा शामिल हैं। इन घटनाओं ने इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एक प्रतिनिधिमंडल के साथ आज पीड़ित परिवारों के घर पहुंचेगा। प्रतिनिधिमंडल परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जानेगा और हर संभव मदद का आश्वासन देगा। साथ ही, पार्टी इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक जिम्मेदारी पर भी सवाल उठा सकती है। स्थानीय स्तर पर सपा नेताओं की सक्रियता लगातार बढ़ रही है और वे पीड़ित परिवारों के संपर्क में हैं। आज की यह मुलाकात न केवल संवेदना प्रकट करने, बल्कि आगे की रणनीति तय करने के लिहाज से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## न्यायालय में युवक पर हमला



**नोएडा।** तहसील दादरी में पैरवी करने आए युवक के साथ धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया गया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। घायल ने तीन नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के शादीपुर निवासी दीपक पर घात लगाए बैठे आरोपियों ने हमला कर दिया, जिससे उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

# फ्रंटल संगठन ही 2027 में रखेंगे कांग्रेस के लिए जीत की बुनियाद : राजकुमार शर्मा




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपने फ्रंटल संगठनों की एक बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की बैठक को फ्रंटल संगठनों के कोऑर्डिनेटर राजकुमार शर्मा ने संबोधित किया। बैठक में सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी से विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर राय ली गई। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में राजकुमार शर्मा ने कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर सभी फ्रॉम फ्रंटल संगठनों को अभी से कमर कस लेनी होगी। अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है कार्यकताओं को मतदाताओं के पास जाकर संगठन की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी देनी होगी। फ्रंटल संगठनों के कोऑर्डिनेटर राजकुमार शर्मा ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य फ्रंटल संगठनों को एक्टिव करना है । फ्रंटल संगठन ही 2027 चुनाव में जीत का आधार बनेंगे । राष्ट्रीय नेतृत्व और उत्तर प्रदेश की ओर से मुख्य तौर पर गाजियाबाद नजर रखी जा रही है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि फ्रंटल कोऑर्डिनेटर यहां की जानकारी को रिपोर्ट बनाकर लखनऊ एवं दिल्ली भेजेंगे क्योंकि उत्तर प्रदेश की सत्ता का रास्ता दिल्ली से गाजियाबाद होते हुए ही जाता है।समस्त फ्रंटल संगठनों को जनहित के मुद्दे उठाने की जिम्मेदारी दी गई है।

उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब गाजियाबाद में पहले भी कांग्रेस का परचम लहराया है और अब फिर दोहराएंगे। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि जुमलेबाजों से आम जनता परेशान है जहां चुनाव होता है वहां पर जुमले छोड़कर चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा नए-नए जुमले छोड़ते रहते हैं। मैं तो यही का बेटा हूं यहां की मिट्टी से मेरा बहुत पुराना नाता है। ऐसे जुमलेबाज से जनता तंग आ चुकी है। कोई सी ऐसी जात-पात नहीं बची है जिसका मुखौटा जुमलेबाजों ने ना पहने हो। यह बैठक जो समस्त फ्रंटल संगठनों को लेकर आयोजित की गई थी इसका मुख्य उद्देश्य समस्त फ्रंटल संगठनों को एक्टिव करना, उनको नई ऊर्जा प्रदान करना है।

विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज राय अपनी कमेटी के साथ उपस्थित हुए विधि प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी से साक्षात्कार करते हुए जिला अध्यक्ष ने ने कहा कि विधि प्रकोष्ठ की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है । बैठक में मनोरमा कुमारी सिंह, अधिवक्ता महेश कुमार शुक्ला, एनएसयूआई अध्यक्ष सलमान मंसूरी, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा, अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष सलीम अहमद सैफी, महिला जिला अध्यक्ष डोली त्यागी, आरटीआई विभाग की जिला अध्यक्ष लज्जा यादव, उनके साथ जितेंद्र अग्रवाल, कीर्ति रैना आरटीआई विभाग से रिजवान मलिक, आदि उपस्थित थे।




## महिला थाने की रेस में किसको मिलेगा चांस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक विचित्र चीज देखने को मिल रही है। महिला अपराध और महिला सशक्तिकरण का वैसे तो डंका बज रहा है लेकिन पोस्टिंग के मामले में बहुत ही देरी और स्पीड धीरे बताई जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट के सूत्र बता रहे हैं कि लगभग 15 से 20 दिन हो गए, महिला थाने में कोई प्रभारी नहीं है। तो नंबर दो की पोजीशन वाली मैडम थाना संभालने में डटी हुई हैं। वहीं उनकी प्रभारी एसीपी भी रवाना हो चुकी हैं। बताया जा रहा है एसीपी कब आएंगे अभी कोई तय नहीं है, पर थाने पर प्रभारी का ना होना बड़े सवाल और कई अन्य बातों की ओर इशारा कर रहा है। वहीं पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि वैसे तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 20 पिंक बूथ हैं। वहां पर प्रभारी भी हैं, तो कई अन्य महिला भी चौकियों पर हैं। तो बताया यह भी जा रहा है कि कई थानों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रही महिलाओं पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अब सवाल उठ रहा है कि ऐसे किस फेस को रेस में शामिल और चांस देने का वेट किया जा रहा है, जो नाम लिस्ट में डाला नहीं जा रहा है या फिर कुछ और ही चल रहा है। कुल मिलाकर अब तो सारे स्कूल- कॉलेज खुल चुके हैं। पढ़ाई वाला सिलसिला भी शुरू हो चुका है। तो गर्मी में महिलाओं के साथ होने वाले अपराध का सिलसिला भी बढ़ चुका है। इसकी भेंट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के 6 चौकी प्रभारी पहले ही झेल चुके हैं , इसमें पांच को लाइन और एक को सस्पेंड किया गया था। तो अब बताया जा रहा है कि कुछ और पर भी आने वाले दिनों में कार्रवाई हो सकती है। इन सब के बीच सवाल हो रहा है कि क्या महिला थाने के लिए कोई दावेदार नहीं है या किसी खास फेस का वेट हो रहा है। उधर जिस तरीके से बीते कुछ दिनों से ट्रैफिक वाले अधिकारी करंट मोड पर आए हैं। तो उसे देखकर लग रहा है कि आने वाले दिनों में ट्रैफिक में कुछ सुधार हो सकता है, पर जिस तरीके से ऑपरेशन प्रहार और ट्रैफिक नियम जागरूकता कुछ नामचीन स्कूलों तक सीमित रह गया है। इस पर भी पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों को नजर और गहराई से जांच करवाना चाहिए। साथ ही मॉनिटरिंग इस ओर भी जरूरी है।




# रिश्वत मामले में महिला उपनिरीक्षक लाइन हाजिर



**सिंभावली।** दहेज प्रताड़ना के मामले में एक महिला ने ससुराल पक्ष के छह लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया। जिसकी विवेचना कर रही महिला उपनिरीक्षक मुस्कान राय पर मुकदमे में प्रतिवादी ने 70 हजार रुपये में नाम निकालने का आरोप लगाया था। जिस पर सीओ की रिपोर्ट पर एसपी ने संज्ञान लिया और महिला दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया और जांच शुरू कराई है।

जनपद बुलंदशहर के आहार थाना क्षेत्र के गांव सफीनगर निवासी जितेंद्र एक मुकदमे में प्रतिवादी हैं। जिसमें उनकी पत्नी कोमल ने दहेज उत्पीड़न के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई हुई है। पीड़ित ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर विवेचना कर रही मुस्कान राय से विवेचना को निष्पक्ष करने और सहयोग करने की बात कही थी। इसके बाद जितेंद्र ने सीओ स्तुति सिंह से महिला उपनिरीक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह मुकदमे में से नाम निकालने के नाम पर 70 हजार रुपये मांग रही हैं। जिस पर सीओ भड़क गई थीं और काफी लताड़ भी लगाई थी।

तभी सीओ ने तत्काल ही मामले में संज्ञान लेते हुए महिला उपनिरीक्षक मुस्कान के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कराकर पुलिस अधीक्षक को प्रेषित की थी। जिस पर एसपी ज्ञानंजय सिंह ने महिला उप निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया और उनकी जांच सीओ गढ़ को सौंप दी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** इकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के साले ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मृतक की पहचान दलेलगंज फरुर्खाबाद निवासी राजेश कुमार के रूप में हुई है। वे कुलेसरा गांव में किराये के मकान में रहते थे और एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। उनके साले अमित कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात घर आने के दौरान हिंडन पुल के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं ने किया हंगामा



**हापुड़।** स्मार्ट मीटरों के विरोध में मंगलवार को मेरठ रोड आवास विकास, कृष्णा विहार की महिलाओं ने स्थानीय सभासद रुद्राक्ष त्यागी के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव कर जोरदार हंगामा किया। महिलाओं ने इन मीटरों को हटाकर पुराने मीटर लगवाने की मांग उठाई। अधिकारियों ने किसी तरह महिलाओं को समझाया।

हंगामा कर रहीं महिलाओं ने कहा कि जब से घरों में स्मार्ट मीटर लगा है, आए दिन बिजली कट जाती है। एडवांस में बिजली का बिल जमा करना मुश्किल हो रहा है। रिचार्ज करने के कई घंटे बाद तक भी बिजली चालू नहीं हो पाती है। आए दिन इन मीटरों से अनेकों समस्याएं बन रही हैं।

उन्होंने बताया कि आवास विकास से निगम को समय से राजस्व की प्राप्ति होती है। हर कोई निश्चित अवधि से पहले ही बिल जमा करता है। फिर भी यहां डिजिटल मीटरों को हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। इन्हें कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महिलाओं ने पुराने मीटर ही फिर से लगवाने की मांग उठाई। राहत नहीं मिलने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी।

स्थानीय सभासद रुद्राक्ष त्यागी ने कहा कि कॉलोनी के लोगों की स्मार्ट मीटर को लेकर समस्याएं अधिक हैं। इस मामले में एमडी से भी शिकायत की जाएगी। अधीक्षण अभियंता सुभाष चंद्र ने महिलाओं को आश्वासन देकर शांत कराया। हंगामा करने वालों में लक्ष्मी, शिवानी, सुनीता, पूनम, रेखा, सीमा, अनीता, ऊषा, गीता, किरण, ललिता आदि मौजूद रहीं।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

**Sudhir Goel**
10h ·

मेरे प्रिय मित्र को और उसकी धर्मपत्नी एंड्रिया को शादी की 30 वी वर्षगांठ के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं यूंही कोई अपनी धर्मपत्नी के साथ 30 वर्ष नहीं गुजार लेता है ये एक यात्रा होती है दो दिलो की ,एक संबंध की जो अग्नि के सामने सात फेरो के साथ जीवन भर साथ निभाने का वचन ।यही तो जीवन की परिभाषा है बहुत बहुत बधाई कुछ चित्रों मै 1996 से लेकर 2025 तक की झलकियां ..........




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये सात समन्दर पार का प्यार है। एक ऐसा प्यार जो जीवन का सबसे बड़ा उपहार है। गाजियाबाद के विपुल शर्मा और अमेरिका की एंड्रिया ने 30 साल पहले एक दूसरे को जीवन साथी के रूप में चुना। आज एंड्रिया शर्मा औरविपुल शर्मा ने अपने सफल सुखद वैवाहिक जीवन के 30 वर्ष पूरे कर लिए। सात समुन्दर पार सात फेरों का प्यार ऐसे ही बना रहे। सफल सुखद और खुशहाल वैवाहिक जीवन की शुभकमनाओं के साथ फैमिली फैंड सुधीर गोयल मोनू ने इस खूबसूरत पल को फेसबुक पर साझा किया। 30 वर्षों का ये खुशनुमा सफर ताजा कर दिया। सुधीर गोयल मोनू की खुशियों से अभिभूत करती ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

# भारत-इंग्लैंड बढ़ाएंगे रक्षा सहयोग: IAF के अफसरों की तैनाती पर बनी सहमति

**लंदन/नई दिल्ली।** सीडीएस की यह ब्रिटेन यात्रा भारत-यूके रक्षा संबंधों को नई ऊंचाई देने वाली साबित हो रही है। खासतौर पर आरएएफ वैली में भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षकों की तैनाती से दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग और भी मजबूत होगा।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की हालिया ब्रिटेन यात्रा ने भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच रक्षा सहयोग को नई दिशा दी है। इस दौरे को दोनों देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी का अहम पड़ाव माना जा रहा है।

### रक्षा रोडमैप को मिलेगा बल

भारत और ब्रिटेन के बीच पहले से तय 10 साल के रक्षा औद्योगिक रोडमैप को आगे बढ़ाने पर भी सहमति बनी। दोनों देशों ने माना कि यह सहयोग न केवल सुरक्षा बल्कि आर्थिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। जनरल चौहान ने रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज का दौरा कर वैश्विक सुरक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर भारत का दृष्टिकोण साझा किया। इसके अलावा उन्होंने एक उच्चस्तरीय राउंडटेबल बैठक की अध्यक्षता भी की, जिसमें सैन्य परिवर्तन और भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा हुई।

## CDS चौहान की यात्रा से और क्या मिला



### आरएएफ वैली में भारतीय प्रशिक्षकों की तैनाती

इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम यह रहा कि आने वाले समय में भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर को ब्रिटेन के आरएएफ वैली में तैनात किया जाएगा। यह कदम दोनों देशों के बीच सैन्य प्रशिक्षण और आपसी तालमेल को और मजबूत करेगा।

### तीन दिवसीय दौरे में अहम बैठकें

19 से 21 अप्रैल तक चले इस दौरे के दौरान जनरल चौहान ने ब्रिटेन के शीर्ष सैन्य नेतृत्व से मुलाकात की। ब्रिटेन के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ एयर चीफ मार्शल सर रिचर्ड नाइटन ने उनका स्वागत किया। इस दौरान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, सैन्य रणनीति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

### रक्षा उद्योग और रणनीतिक साझेदारी पर जोर

जनरल चौहान ने ब्रिटेन के वरिष्ठ अधिकारियों, मंत्रियों, शिक्षाविदों और रक्षा उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत की। इसमें रक्षा उत्पादन, रोजगार सृजन और आर्थिक सहयोग को बढ़ाने पर खास जोर दिया गया। दौरे के दौरान सीडीएस ने ब्रिटेन के रक्षा राज्य मंत्री ल्यूक पोलार्ड और इंडो-पैसिफिक मामलों की राज्य मंत्री सीमा मल्होत्रा से भी मुलाकात की। इस दौरान आधुनिक युद्ध, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष और खुफिया सहयोग जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।

# होर्मुज बंद होने से भारत की बढ़ी चिंता, UNSC में उठाई आवाज



**नई दिल्ली।** भारत ने यूएनएससी में होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवाजाही जल्द बहाल करने की मांग की। भारत ने कहा कि वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना निंदनीय है और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है, साथ ही भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने वैश्विक व्यापार के लिहाज से होर्मुज में सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवाजाही जल्द बहाल करने की अपील की है। भारत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस महत्वपूर्ण जलमार्ग के किसी भी तरह के अवरोध का सीधा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 'समुद्री क्षेत्र में जलमार्गों की सुरक्षा और संरक्षण' विषय पर आयोजित ओपन डिबेट को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रभारी योजना पटेल ने यह बयान दिया।

### होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाना निंदनीय

राजदूत योजना पटेल ने ने भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि होर्मुज से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना न केवल निंदनीय है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानून के भी खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में व्यापारिक जहाजों और निर्दोष नागरिक चालक दल को सैन्य हमलों का लक्ष्य नहीं बनाया जाना चाहिए।

### भारतीय नाविकों पर हुए हमलों को लेकर जताई चिंता

पटेल ने कहा कि भारत के लिए यह जलमार्ग ऊर्जा और आर्थिक सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने चिंता जताई कि मौजूदा संघर्ष के दौरान भारतीय नाविकों की जान भी गई है, जो बेहद गंभीर विषय है। भारत ने दोहराया कि समुद्री मार्गों की सुरक्षा और स्वतंत्र नौवहन वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए अनिवार्य है।

# ईरान ने अमेरिका पर लगाया 'समुद्री डकैती' का आरोप

**ईरान।** पश्चिम एशिया में समुद्री सुरक्षा को लेकर तनाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इसी बीच यूएन में ईरान के राजदूत ने शिकायत कर कहा कि अमेरिका ईरानी जहाजों को रोककर समुद्री डकैती कर रहा है। दूसरी ओर खाड़ी देशों ने समुद्र में ईरान की गतिविधियों पर गंभीर चिंता जताई है।

पश्चिम एशिया में समुद्री रास्तों और सुरक्षा को लेकर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इसका बड़ा कारण अमेरिका और ईरान के इन मुद्दों पर आमने-सामने आना है, जिसके चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है। ऐसे में ईरान ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि अमेरिका उसके जहाजों को रोककर समुद्री डकैती जैसा काम कर रहा है। ऐसे कदम वैश्विक व्यापार और समुद्री सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं और इससे अंतरराष्ट्रीय कानून कमजोर होता है। ईरान का दावा है कि उसकी समुद्री गतिविधियों पर रोक लगाना और जहाजों को जब्त करना गलत और दबाव बनाने की रणनीति है।

# रूस की विजय परेड में 80 साल बाद नहीं दिखेंगे टैंक-मिसाइल

**मॉस्को।** रूस 9 मई को होने वाली विजय दिवस परेड इस बार बिना सैन्य उपकरणों के आयोजित करेगा, जो 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार होगा। रक्षा मंत्रालय ने मौजूदा परिचालन स्थिति को इसका कारण बताया, हालांकि विस्तार नहीं दिया।

रूस इस साल 9 मई को द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर जीत की 81वीं वर्षगांठ मनाएगा, लेकिन इस बार परंपरागत सैन्य शक्ति का प्रदर्शन काफी बदला हुआ नजर आएगा। रूसी रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि राजधानी मॉस्को के रेड स्क्वायर में होने वाली विक्ट्री डे परेड में इस बार सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन नहीं होगा।

2022 में यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर हमले की शुरूआत के बाद यह पहला मौका होगा, जब परेड में टैंक, मिसाइल सिस्टम और अन्य भारी सैन्य वाहन शामिल नहीं किए जाएंगे। आमतौर पर यह परेड रूस की सैन्य ताकत के बड़े प्रदर्शन के रूप में जानी जाती है।



### परिचालन कारणों का दिया गया हवाला

रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि वर्तमान परिचालन स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। हालांकि, इसके पीछे के कारणों को विस्तार से स्पष्ट नहीं किया गया। परेड में इस बार विभिन्न सैन्य शैक्षणिक संस्थानों के कैडेट और सेना की कुछ शाखाओं के जवान शामिल होंगे, जबकि परंपरागत हवाई फ्लाईओवर जारी रहेगा।

### क्यों खास है विजय दिवस

विजय दिवस रूस का सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उत्सव माना जाता है। विश्व युद्ध द्वितीय में नाजी जर्मनी पर जीत को रूस ग्रेट पैट्रियॉटिक वॉर के रूप में याद करता है। इस युद्ध में सोवियत संघ के करीब 2.7 करोड़ लोगों की मौत हुई थी, जिसने देश की सामूहिक स्मृति पर गहरा असर छोड़ा है।

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने लंबे शासनकाल में विजय दिवस को राष्ट्रीय गौरव और शक्ति प्रदर्शन का प्रमुख प्रतीक बना दिया है। साथ ही, वे इस ऐतिहासिक जीत के संदर्भ का इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध को सही ठहराने के लिए भी करते रहे हैं।

पिछले साल की परेड काफी भव्य रही थी, जिसमें 11,500 से अधिक सैनिकों और 180 से ज्यादा सैन्य वाहनों ने हिस्सा लिया था। इसमें इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल यार्स, टैंक और यूक्रेन युद्ध में इस्तेमाल हो रहे हथियार भी प्रदर्शित किए गए थे। उस दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंगऔर ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला दा सिल्वाजैसे कई वैश्विक नेता भी मौजूद थे। हालांकि 2023 में परेड को पहले ही छोटा कर दिया गया था, जिसमें कम सैनिक और सैन्य उपकरण दिखाए गए थे और हवाई प्रदर्शन भी नहीं हुआ था।

इस बार सैन्य उपकरणों की गैरमौजूदगी को विशेषज्ञ यूक्रेन युद्ध के चलते सुरक्षा चिंताओं और संसाधनों के दबाव से जोड़कर देख रहे हैं। इससे यह भी संकेत मिलता है कि रूस अपने सबसे अहम राष्ट्रीय समारोह को भी मौजूदा हालात के अनुसार ढाल रहा है।

# चीन ने मेटा का दो अरब डॉलर का Manus अकसौदा क्यों रोका

**नई दिल्ली।** चीन ने राष्ट्रीय सुरक्षा और संवेदनशील एआई तकनीक की सुरक्षा का हवाला देते हुए मेटा का मैनस के साथ दो अरब डॉलर का अधिग्रहण सौदा रोक दिया। चीन को मैनस के घरेलू तकनीक, डेटा और टैलेंट से जुड़े संबंधों पर आपत्ति थी, भले ही कंपनी ने अपना बेस विदेश में शिफ्ट कर लिया था। आइए विस्तार से जानते हैं।

चीन ने अमेरिकी टेक कंपनी मेटा के दो अरब डॉलर के प्रस्तावित अधिग्रहण सौदे को रोक दिया है। यह सौदा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप मैनस से जुड़ा था। चीन ने इस फैसले के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा और संवेदनशील तकनीक के नियंत्रण को मुख्य कारण बताया है।

चीन की प्रमुख आर्थिक नियामक संस्था राष्ट्रीय विकास व सुधार आयोग (एनडीआरसी) ने 2021 में लागू विदेशी निवेश सुरक्षा नियमों के तहत इस सौदे को रद्द करने का आदेश दिया। यह कदम दशार्ता है कि चीन अब घरेलू तकनीक, डेटा और प्रतिभा के विदेशी कंपनियों तक ट्रांसफर को लेकर बेहद सतर्क हो गया है।

## अमेरिका-चीन टेक रेस पर क्या पड़ेगा असर



मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग

### चीन के फैसले के पीछे क्या वजहें रही

बताया गया है कि इस निर्णय का आधार केवल कंपनी का विदेशी पंजीकरण नहीं था, बल्कि उसके चीन से जुड़े गहरे संबंध थे। टंल्ल४२ का तकनीकी विकास, डेटा और मानव संसाधन चीन से जुड़े रहे हैं, जिसे बीजिंग ने संवेदनशील माना। खासतौर पर एआई जैसी उन्नत तकनीक को लेकर चीन अब किसी भी प्रकार के बाहरी नियंत्रण को लेकर सतर्क है।

मैनस हाल के वर्षों में तेजी से उभरती एआई कंपनी रही है, जिसने अमेरिकी निवेशकों से फंडिंग हासिल की थी और बाद में अपना बेस विदेश में शिफ्ट कर लिया था। इसके बावजूद, चीनी अधिकारियों ने कंपनी के घरेलू इंफ्रास्ट्रक्चर और टैलेंट कनेक्शन को राष्ट्रीय हित से जुड़ा माना और सौदे पर सख्त रुख अपनाया।

नियामकीय आदेश के तहत अब मेटा और मैनस के बीच हुआ यह समझौता पूरी तरह वापस लिया जाएगा। इसमें इक्विटी ट्रांसफर को रद्द करना, निवेशित पूंजी लौटाना और बौद्धिक संपदा को अलग करना शामिल होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि एआई जैसे ज्ञान-आधारित क्षेत्रों में यह प्रक्रिया बेहद जटिल और समय लेने वाली हो सकती है।

### वैश्विक निवेशकों के लिए क्या संकेत?

यह मामला दिखाता है कि चीन से जुड़े तकनीकी कंपनियों के लिए वैश्विक विस्तार आसान नहीं है, खासकर जब वे संवेदनशील क्षेत्रों में काम कर रही हों। साथ ही, यह संकेत भी मिला है कि भले ही कोई कंपनी विदेश में रजिस्टर्ड हो, लेकिन यदि उसका संचालन या तकनीक चीन से जुड़ा है तो वह चीनी नियमों के दायरे में आ सकती है। विश्लेषकों के अनुसार, इस फैसले से सीमा पार टेक अधिग्रहण, विशेष रूप से अमेरिकी कंपनियों के लिए, अधिक जोखिमपूर्ण हो सकते हैं। आगे आने वाले समय में निवेशक ऐसे सौदों में ऑपरेशन्स, रिसर्च और बौद्धिक संपदा को अलग रखने पर अधिक ध्यान देंगे।

# 'होर्मुज को सौदेबाजी का हथियार नहीं बनाना चाहिए'

## अमेरिका-ईरान वार्ता ठप होने पर कतर की दो टूक

**वाशिंगटन।** फारस की खाड़ी एक बार फिर कूटनीतिक टकराव के केंद्र में है, जहां समुद्री रास्तों पर नियंत्रण की जंग तेज होती जा रही है। ऐसे में अब कतर ने चेतावनी भरा संदेश देते हुए साफ कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को किसी भी हालत में राजनीतिक सौदेबाजी का हथियार नहीं बनने दिया जा सकता।

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब सीधे समुद्री शक्ति-संघर्ष में बदलता दिख रहा है, जहां फारस की खाड़ी का हर जहाज एक नए टकराव का संकेत बन गया है। कूटनीति ठप है, बातचीत रुकी हुई है और आरोप-प्रत्यारोप की आग लगातार भड़क रही है। इसी बीच होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे रणनीतिक मार्ग पर दबाव और नियंत्रण की राजनीति तेज हो गई है, जिससे पूरा पश्चिम एशिया अस्थिरता के कगार पर खड़ा है। ऐसे में अब कतर ने इस पूरे मामले में बयान जारी कर सख्त चेतावनी दी है।



कतर का कहना है कि फारस की खाड़ी में शांति और स्थिरता बनाए रखना बेहद जरूरी है। इसलिए होर्मुज जलडमरूमध्य के समुद्री मार्ग को किसी भी हालत में राजनीतिक सौदेबाजी का हथियार नहीं बनने दिया जा सकता। मामले में कतर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को किसी भी तरह से सौदेबाजी का हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए।

### अमेरिका-ईरान की वार्ता पर रुख साफ

कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आगे अमेरिका और ईरान के बीच ठप पड़ी शांति वार्ता को लेकर भी अपना रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि जब तक अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत रुकी हुई है, तब तक इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते को राजनीति का हिस्सा नहीं बनाना चाहिए।

बता दें कि यह वही जलमार्ग है जिससे दुनिया की बड़ी मात्रा में तेल और व्यापार गुजरता है, इसलिए यहां किसी भी तरह की तनावपूर्ण स्थिति वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर डाल सकती है।

# ट्रंप ने हाथ में राइफल लेकर तस्वीर पोस्ट की, ईरान को दी नई चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के प्रति अपने तेवरों को एक बार फिर साफ कर दिया है। परमाणु कार्यक्रम को लेकर जारी गतिरोध के बीच ट्रंप ने चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर परमाणु समझौते पर जल्द ही कोई कूटनीतिक समाधान नहीं निकला, तो अमेरिका और भी सख्त रुख अपनाएगा।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक बेहद आक्रामक पोस्ट साझा की है। इस पोस्ट में ट्रंप एक असॉल्ट राइफल पकड़े हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने एक स्लोगन भी लिखा है कि अब और अच्छा आदमी बनने की जरूरत नहीं। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने ईरान को कड़ा संदेश दिया है कि अमेरिका अब और इंतजार करने के मूड में नहीं है।

ईरान पर बरसे ट्रंप

ट्रंप ने बातचीत की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा,



'ईरान को जल्द ही समझदारी दिखानी होगी।' ट्रंप ने ईरानी नेतृत्व की आलोचना करते हुए कहा कि वे अपनी स्थिति को सुधारने में नाकाम रहे हैं। राष्ट्रपति ने तंज कसते हुए कहा, 'उन्हें पता ही नहीं है कि एक गैर-परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर कैसे किए जाते हैं।' ट्रंप के ये बयान ऐसे समय में आए हैं जब क्षेत्रीय तनाव चरम पर है और कूटनीतिक स्तर पर कोई खास प्रगति नहीं दिख रही है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य का विवाद

ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के भीतर हालात खराब हैं और वह पतन की स्थिति में है। यही वजह है कि ईरान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को जल्द से जल्द खुलवाना चाहता है। राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि अगर ईरान परमाणु हथियार हासिल करने में सफल हो जाता है, तो पूरी दुनिया उसकी बंधक बन जाएगी। दूसरी तरफ, ईरान ने हाल ही में पश्चिम एशिया में तत्काल युद्धविराम और होर्मुज जलडमरूमध्य में यातायात बहाली का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, ईरान ने इस प्रस्ताव में अपने परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल तकनीक पर चर्चा को टालने की शर्त रखी थी। अमेरिका ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। अमेरिका का कहना है कि जब तक परमाणु मुद्दे पर सीधे बात नहीं होगी, वार्ता आगे नहीं बढ़ेगी।

### आर्थिक घेराबंदी की रणनीति

खबरों के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन अब ईरान के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने अपनी टीम को ईरान की आर्थिक नाकेबंदी की योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। इस रणनीति का मकसद ईरान की अर्थव्यवस्था और तेल निर्यात को पूरी तरह से ठप करना है। अमेरिकी प्रशासन का मानना है कि यह नाकेबंदी हवाई हमलों की तुलना में कम जोखिम वाली और अधिक प्रभावी होगी। इस योजना के तहत ईरान के बंदरगाहों तक समुद्री पहुंच को पूरी तरह नियंत्रित किया जाएगा। ट्रंप इसे ईरान पर अधिकतम दबाव बनाने के एक दीर्घकालिक हथियार के रूप में देख रहे हैं।

### क्षेत्रीय देशों का रुख

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के लिए लगातार दौरे कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में इस्लामाबाद और सेंट पीटर्सबर्ग में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मुलाकात की। लेकिन क्षेत्रीय ताकतें ईरान के खिलाफ एकजुट होती दिख रही हैं।

सऊदी अरब में खाड़ी सहयोग परिषद की बैठक हुई। इसमें क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व में सदस्य देशों ने ईरान की अवैध गतिविधियों को खारिज कर दिया। परिषद ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकियों की कड़ी निंदा की है।

कतर, बहरीन, कुवैत और यूएई ने इस क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने की मांग की है। साथ ही, इन देशों ने एक साझा बैलिस्टिक मिसाइल अर्ली वार्निंग सिस्टम बनाने की वकालत भी की है।

# 'अस्थायी शांति नहीं स्थायी समाधान होना चाहिए'

## ईरान-लेबनान सीजफायर पर बोलीं ईयू प्रमुख लेयेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर के बाद पाकिस्तान की मध्यस्थता में बातचीत जारी है, लेकिन समाधान नहीं निकला। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि सीजफायर बनाए रखने और होर्मुज में मुक्त नेविगेशन बहाल करना जरूरी है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर के बाद स्थायी समाधान की दिशा में कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं। दोनों देशों के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता में बातचीत जारी है, हालांकि अब तक किसी ठोस नतीजे पर सहमति नहीं बन पाई है।

इसी बीच यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि ईरान और लेबनान में लागू सीजफायर को बनाए रखने के लिए कूटनीतिक प्रयासों को और मजबूत करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि लक्ष्य केवल अस्थायी शांति नहीं, बल्कि स्थायी समाधान होना चाहिए।

इरावानी ने कहा कि क्षेत्र में स्थायी सामूहिक सुरक्षा के लिए एकजुट और ठोस कार्रवाई की जरूरत है, जो अस्थिरता के मूल कारणों से सीधे तौर पर निपटे।

उन्होंने सुरक्षा परिषद से मांग की कि इस्राइल को लेबनान में सीजफायर का पूरी तरह पालन करने, नागरिकों और बुनियादी ढांचे पर हमले रोकने और कब्जे वाली सेनाओं को वापस बुलाने के लिए मजबूर किया जाए।



### हम चाहते हैं युद्ध पूरी तरह खत्म हो

लेयेन ने कहा कि हम चाहते हैं कि युद्ध पूरी तरह खत्म हो और होर्मुज जलडमरूमध्य में बिना किसी शुल्क के नेविगेशन की पूरी आजादी बहाल हो। उन्होंने यह भी जोर दिया कि किसी भी संभावित शांति समझौते में ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर ध्यान देना जरूरी होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर यूरोप की आर्थिक सुरक्षा पर भी पड़ सकता है, खासकर ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार के लिहाज से।

### ईरान ने इस्राइल पर लगाए गंभीर आरोप

वहीं ईरान की ओर से अमीर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बयान देते हुए इस्राइल पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इस्राइल क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए लगातार और गंभीर खतरा बना हुआ है। ईरानी दूत ने आरोप लगाया कि इस्राइल ने सीजफायर का उल्लंघन किया है और नागरिक ढांचे को निशाना बनाया है।

### लेबनान ने इस्राइली हमले की कड़ी निंदा की

इस बीच लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने हालिया इस्राइली हमले की कड़ी निंदा की, जिसमें तीन सिविल डिफेंस कर्मियों की मौत हो गई।

ये कर्मी पहले हुए हमले में घायल लोगों को बचाने के अभियान में लगे थे। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, राष्ट्रपति आउन ने कहा कि यह हमला राहत और प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं से जुड़े कर्मियों को निशाना बनाने की घटनाओं की श्रृंखला का हिस्सा है और इससे स्पष्ट होता है कि इजरायल अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानवीय नियमों का उल्लंघन कर रहा है।

कुल मिलाकर, पश्चिम एशिया में हालात अभी भी बेहद संवेदनशील बने हुए हैं, जहां एक ओर कूटनीतिक बातचीत जारी है, वहीं दूसरी ओर आरोप-प्रत्यारोप और हिंसा की घटनाएं स्थायी शांति की राह को जटिल बना रही हैं।

# जॉर्जिया की जंगल में आग: घर छोड़ने पर मजबूर लोग

## अब तक 50 वर्ग मील से ज्यादा क्षेत्र जलकर खाक, बारिश भी बेअसर

**त्बिलिसी।** जॉर्जिया की जंगलों में भड़की आग ने हालात विस्फोटक बना दिए हैं। ब्रैंटली काउंटी, क्लिंच काउंटी और इकोल्स काउंटी में दो बड़े वाइल्डफायर सैकड़ों घरों को तबाह कर चुके हैं। हल्की बारिश के बावजूद आग पूरी तरह काबू में नहीं आई।

अमेरिकी राज्य जॉर्जिया के जंगलों में भड़की आग अब भी रौद्र रूप में तबाही मचा रही है। दो विशाल वाइल्डफायर ने पूरे इलाके को दहशत के साए में धकेल दिया है, जहां दर्जनों घर राख में बदल चुके हैं और हजारों लोग सुरक्षित ठिकानों की तलाश में पलायन को मजबूर हैं। आग की लपटें लगातार फैल रही हैं और नियंत्रण की हर कोशिश को चुनौती दे रही हैं। सूखा, तेज हवाएं और सूखी वनस्पति ने इस आग को और खतरनाक बना दिया है। प्रशासन हालात को काबू में लाने की जंग लड़ रहा है, लेकिन संकट अभी और गहराने के संकेत दे रहा है।

अधिकारियों के अनुसार, एक आग ब्रैंटली काउंटी में लगी है, जिसने करीब 35 वर्ग मील (लगभग 90 वर्ग किलोमीटर) इलाके को अपनी चपेट में ले लिया है और 80 से ज्यादा घर नष्ट कर दिए हैं। यह आग फिलहाल करीब 32% ही काबू में आ पाई है। वहीं दूसरी बड़ी आग क्लिंच काउंटी और इकोल्स काउंटी के इलाके में लगी है, जिसने 50 वर्ग मील से ज्यादा क्षेत्र को जला दिया है और अभी केवल 23% तक ही नियंत्रित की जा सकी है।



**हल्की बारिश से मदद जरूर मिली, राहत नहीं:** आग बुझाने के प्रयास में लगे अधिकारियों में एक ब्रायन केम्प ने कहा कि हल्की बारिश से थोड़ी मदद जरूर मिली है, लेकिन हालात अभी भी गंभीर हैं और आग बुझाने में लंबा समय लग सकता है। उन्होंने साफ कहा कि यह संकट अभी खत्म नहीं हुआ है, लड़ाई लंबी चलेगी। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, बारिश के बाद फायरफाइटर्स को आग की सीमाएं बनाने और कुछ हिस्सों को बुझाने में मदद मिली है, लेकिन पूरी तरह नियंत्रण पाने के लिए अभी भी भारी बारिश की जरूरत है।

वहीं मौसम विभाग ने आगे बारिश और आंधी की संभावना जताई है, जिससे नई आग लगने का खतरा भी बना हुआ है। दूसरी ओर विशेषज्ञों का कहना है कि इस साल सूखा, तेज हवाएं और जलवायु परिवर्तन की वजह से आग लगने का खतरा काफी बढ़ गया है, और ऐसी घटनाएं अब और गंभीर रूप ले सकती हैं।

### 1500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया

बता दें कि इस आग के कारण लगभग 1500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया था, जिनमें से कुछ को अब वापस घर लौटने की अनुमति दी गई है, लेकिन करीब 2500 लोग अभी भी विस्थापित हैं। जांच में पता चला है कि ब्रैंटली काउंटी की आग एक गुब्बारे के बिजली की लाइन से टकराने और दूसरे इलाके में आग एक वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी से शुरू हुई थी। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि लोग लौटने के बाद भी सतर्क रहें, क्योंकि स्थिति फिर से बिगड़ सकती है।

30 April -26 page 8 29-04-26 10:56 PM Page 1



गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था) | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव का एक्शन मोड- रिक्रूट आरक्षियों को दी बीट प्रणाली की सीख, खुद उतरे सड़कों पर

## कौशाम्बी थाना क्षेत्र में पैदल गश्त, भोवापुर में सघन चेकिंग अभियान, बॉर्डर एरिया में बढ़ाई सतर्कता







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव एक्शन मोड में नजर आए। मंगलवार की देर रात को उन्होंने थाना कौशाम्बी में नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों को बीट प्रणाली, शिष्टाचार, संवाद नीति और पुलिसिंग के मूलभूत कर्तव्यों पर विस्तार से ब्रीफ किया।

एसीपी ने नव नियुक्त पुलिसकर्मियों को समझाया कि बीट प्रणाली पुलिसिंग की रीढ़ है और इसके माध्यम से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ जनता के साथ विश्वास का रिश्ता मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर आरक्षी को अपने बीट क्षेत्र की पूरी जानकारी होनी चाहिए और जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना चाहिए। ब्रीफिंग के बाद एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव खुद थाना कौशाम्बी पुलिस टीम के साथ सड़कों पर उतरे और पैदल गश्त की। इस दौरान ग्राम भोवापुर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जहां संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की गई।

पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में हड़कंप का माहौल रहा और आमजन ने राहत महसूस की। इसके अलावा बॉर्डर एरिया में विशेष अभियान चलाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। एसीपी ने निर्देश दिए कि सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी और बढ़ाई जाए, ताकि अपराधियों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

एसीपी ने साफ कहा कि पुलिस की प्राथमिकता आमजन की सुरक्षा है और इसके लिए हर स्तर पर सतर्कता और सक्रियता जरूरी है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अनुशासन, सतर्कता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे पुलिस और जनता के बीच विश्वास और मजबूत हो सके।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की हुई बैठक

**नोएडा (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशों के अनुपालन में 9 मई को जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मुख्यालय और तहसील स्तर पर किया जाएगा।



राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों और सफल आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी रावत की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित किया जाए तथा संबंधित पक्षकारों को नोटिस और सम्मन समय से भेजे जाएं, ताकि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से हो सके। इसके साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया।

बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत के साथ सहायक पुलिस उपायुक्त यातायात शकील मोहम्मद, जिला अग्रणी प्रबंधक राजेश कटारिया, बीएसएनएल के प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद कुमार, राजस्व विभाग के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुराग सारस्वत तथा एनपीसीएल के सीनियर मैनेजर अमित चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** कार्यकारिणी में आने को लेकर तीन ब्राह्मण चेहरों का मन नहीं है संतुष्ट? उठती चिंगारियां करा रही हैं इस बात का अहसास? सुना है शर्मा, झा और कांत गये थे पद देने वालों के पास? तीनों ने दिखाये अपने तेवर? कहा हमें नहीं चाहिए आपसे ये वाला फेवर? हम जहां हैं जिधर हैं वहां हैं खुश? अब जैसे हमें करना है वैसे कर लेंगे खुद को राजनीति में पुश?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** असंतुष्टि की बात का हमें मिला एक जगह से और सबूत? सुना है डासिंग झा हुए थे योद्धा के दरबार में मौजूद? कराया था उन्होंने सदस्य वाली जिम्मेदारी से अपनी असंतुष्टि का अहसास? फिर सामने वालों ने किया था उन्हें समझाने का प्रयास? कहा था ये पद है सामान्य? ये जाता है खास चेहरों के पास? सुना है भगवा झा ने दिल के तरकश से तीर निकालकर कहा? फिर साहब आप हमको ये बताओ कि इस व्यवस्था में आपने किसी पूर्व मेयर, पूर्व विधायक को क्यों नहीं लिया अपने साथ?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदियापार से निकलकर आ रही है मंडल वाले प्रवास की बात? कहने वाले ने कहा बाकी तो रात्रि में कैसे रुकते? जब यहां के भगवा कमिश्नर ने ही इंटरेस्ट नहीं दिखाया खास? सुना है ये भगवा कमिश्नर सिर्फ औपचारिकता करने के लिए प्रशिक्षण में गये? फिर हो गये वहां से पूरी तरह साफ? कहने वाले ने कहा कि ये कोई नयी बात नहीं है? इन कमिश्नर का रहा है हमेशा कार्यक्रमों से दूरी बनाने का इतिहास?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको दे रहे हैं अंदर की खबर? नदियापार के ठाकुर मैम्बर को सता रहा है पीले पंजे का डर? इसलिए उन्होंने कर दिया है कैप्टन के दरबार में सरेन्डर? कहने वाले ने कहा कि यूं हथियार डालना कहां तक ठीक है? किसी ने माउन्टेन ड्यू पीकर कहा था डर के आगे जीत है? कहने वाले ने कहा कि ये डर कोल्ड ड्रिंक पीने से नहीं होगा दूर? वो यूं ही खामोश नहीं हुए हैं? पार्क वाले एरिया में 500 मीटर में कोई निर्माण इस खामोशी के पीछे बताया जा रहा है हुजूर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** चल रही थी लेडी कैप्टन की प्रैस कॉन्फ्रैंस? तभी नदियापार के एक ठाकुर मैम्बर ने एंट्री लेकर कराना चाहा अपनी उपस्थिति का अहसास? सुना है तभी मामला कुछ ऐसा हुआ कि उन्हें नहीं था उसका आभास? लेडी कैप्टन ने कहा कि आपको फर्ज निभाना होगा? यहां से फिलहाल बाहर जाना होगा? आपकी तरह और भी मैम्बर नहीं हैं इस मौके पर मौजूद? हम नहीं चाहते हैं कोई इस मैटर को गलतफहमी फैलाने के लिए करे यूज?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** नामित वाले मैम्बरों में कम ऐज वाले मैम्बर्स ऐज जानने को लेकर चल रहा है कम्पटीशन? सुना है इन चेहरों में श्याम शर्मा और अंकुश अरोड़ा की आयु के तलाशे जा रहे हैं रीजन? सुना है ज्यादा तलाशने से हो गया है इस रहस्य का भी समाधान? कम ऐज में अव्वल आया है कमान्डर और पहलवान के प्रिय श्याम शर्मा का नाम? छोटे पैकेट ने ऐज वाले मैटर में नहीं किया है बड़ा धमाका? मगर ये भी सच है कि यही रफ्तार बनी रही तो समय समय पर होता रहेगा इन दोनों की ही राजनीति में इजाफा?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे पूरी राय से भगवा लेडी पदाधिकारी के पास? वो भगवा योद्धा को लेकर रख रही थी बहुत ही पॉजिटिव राय? कह रही थी ये जितना एक्सपोजर हम बहनों को दे रहे हैं? इतिहास में किसी ने दिया हो तो जरा बताये? महिला शक्ति के प्रोग्राम में इन्होंने रखा सभी बहनों का ध्यान? सभी को संबोधन के लिए माईक दिया? सभी की स्थापित की पहचान? पूर्व में कभी नहीं हुआ ऐसा हमारे साथ? ये बात मुझसे यहां बुलवा लो या मैं इस बात को वहां भी कह दूंगी जहां दस चेहरे मौजूद होंगे साहब? हमें योद्धा जी का व्यवहार लगा बहुत ही शानदार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** चलाने वालों ने चला दी हैवी वेट मंत्री की बेटी की दरोगा जी से रिश्ता तोड़े जाने की खबर? यहां चर्चा चली और ईधर शुरू हो गया हैवी वेट वालों का जिक्र? कहने वालों ने कहा कि जानकारी लेने वाले हो रहे थे लेट? जिन्हें ये समझ रहे थे वो कोई और हैं हैवी वेट? इन हैवी वेट वालों के पास पुत्र है नहीं है बेटी? इसलिए कन्फ्यूजन यहीं से दूर हो रही है? सही सूचना चकनाचूर हो रही है?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा बहन आशा जब भी एक्टिव होती हैं नहीं होने देती हैं किसी को निराशा? सामने आती है उनकी रोचक वाली भाषा? सुना है कुर्सी पर बैठकर वो दे रही थीं किसी के लिए ज्ञान? कह रही थी वो चेहरा जिस जिस के साथ रहा? फिर उसके साथ कभी नहीं रहा श्रीमान? उठाकर देख सकते हो आप उसका पुराना इतिहास? मैं तो बस कुछ लोगों को एलर्ट कर रही हूं? बाकी सब खुद में बहुत समझदार हैं साहब?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर गागर में सागर भरने वाला दूरियां बना रहा है तो हमने भी कर लिया है अब इस बात का एहसास? बहुत हो गई हमारी ओर से पहल? अब नहीं करेंगे हम उसको याद? हर किसी का होता है अपना मयार? पद तो आनी जानी चीज है? सबसे जरूरी ये होता है कि आपस में बना रहना चाहिए प्यार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# रजापुर-शास्त्री नगर में 7 करोड़ की लागत से नाले की रिटेनिंग वॉल का लोकार्पण

## मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी और महापौर ने किया उद्घाटन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के वार्ड नंबर 18, रजापुर शास्त्री नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए हापुड़ चुंगी से डायमंड तिराहे तक बड़े नाले की आरसीसी रिटेनिंग वॉल का निर्माण पूरा कर लिया गया है। लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस महत्वपूर्ण परियोजना का लोकार्पण मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी, नगर निगम गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल और वार्ड 18 की पार्षद शशि पवन गौतम ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। लंबे समय से क्षेत्र में बरसात के दौरान जलभराव और नाले के कटाव की समस्या बनी हुई थी, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती थी। इस आरसीसी रिटेनिंग वॉल के निर्माण से नाले की मजबूती बढ़ेगी और जल निकासी व्यवस्था सुचारु होगी, जिससे जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए ऐसे कार्य आगे भी प्राथमिकता के आधार पर कराए जाते रहेंगे।

# राजनगर एक्सटेंशन में मदर डेयरी यूनिट का उद्घाटन



## संजीव कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन में बुधवार को मदर डेयरी यूनिट का उद्घाटन समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। इस मौके पर मदर डेयरी संचालन टीम ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। संजीव कुमार गुप्ता ने फीता काटकर यूनिट का शुभारंभ किया और कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से मदर डेयरी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस यूनिट के शुरू होने से स्थानीय निवासियों को ताजे और शुद्ध दुग्ध उत्पाद आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे।

# जिला कारागार में बंदी सीख रहे हैं हेयर कटिंग डांस व संगीत की शिक्षा



**नोएडा (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के निर्देश पर सचिव शिवानी रावत ने जिला कारागार गौतमबुद्धनगर का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन ने बताया कि वर्तमान में जिला कारागार में 2501 बंदी निरुद्ध हैं तथा महिला बंदियों के साथ तीन शिशु भी रह रहे हैं। जेलर ने यह भी जानकारी दी कि कोई भी बंदी निर्धारित सजा अवधि से अधिक समय तक कारागार में निरुद्ध नहीं है। कारागार में बंदियों के कौशल विकास के लिए इंडिया विजन फाउंडेशन द्वारा हेयर सैलून, डांस क्लास, संगीतशाला, पेंटिंग और सिलाई जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, ताकि बंदी रिहाई के बाद समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। सचिव शिवानी रावत ने निरीक्षण के दौरान किशोर एवं महिला बंदियों की बैरकों का निरीक्षण कर उनसे उनके मुकदमों की जानकारी ली। उन्होंने बंदियों के प्रकरणों से संबंधित अभिलेखों में आवश्यक सुधार करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी अवलोकन किया गया। सचिव ने जेल प्रशासन को बैरकों में साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाएं, खान-पान की गुणवत्ता एवं अन्य सुविधाएं जेल मैनुअल के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



**कुशलक्षेम**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल लखनऊ के मेदांता अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती पूर्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा मौजूदा विधायक अनूपमाजायसवाल का कुशलक्षेम जानने के लिए पहुंचे। इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने अनुपमा जायसवाल के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

# साहिबाबाद साइड -4 के उधमियों ने उठाई विद्युत समस्या अधिकारियों ने एक माह में समाधान का दिया भरोसा






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के तत्वावधान में मंगलवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं उद्यमियों की बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की विद्युत समस्याओं पर गहन चर्चा हुई। महासचिव मुकेश गुप्ता ने ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज, अनियमित आपूर्ति, जर्जर तारों व ट्रांसफार्मर क्षमता के मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि विद्युत संकट से उत्पादन, व्यापार और श्रमिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। अध्यक्ष दिनेश मित्तल व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बार-बार की ट्रिपिंग से उद्योगों को हो रहे भारी आर्थिक नुकसान पर चिंता जताई।

सदस्य भारत भूषण ने सुबह 9 से दोपहर 1:30 बजे तक हुई लंबी कटौती पर नाराजगी जताई। इस पर अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार ने तत्काल शाम तक स्पष्टीकरण तलब किया। अधीक्षण अभियंता ने एक माह में प्रमुख समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को कार्यशैली सुधारने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता बृजेश कुमार, अधिशासी अभियंता अवधेश, अजय यादव व एसडीओ मौजूद रहे। एसोसिएशन की ओर से उपाध्यक्ष यशपाल सिंह, गिरीश गुप्ता, प्रवेश चोपड़ा, एस. पी. चौहान, विवेक बग्गा, आर. बी. लाम्बा, कार्यलय सचिव चरण जीत सिंह सहित सैकड़ों उद्यमी शामिल हुए।

# नोएडा के परी चौक की बदहाली पर लोगों में नाराजगी, प्राधिकरण पर उठे सवाल



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा शहर की पहचान माने जाने वाले परी चौक की हालत लगातार खराब होती जा रही है। परी चौक के आसपास की ग्रीन बेल्ट, पार्क, सेंट्रल वर्ज और गोल चक्कर उपेक्षा का शिकार नजर आ रहे हैं। जहां हरियाली होनी चाहिए, वहां सूखी घास, मुरझाए पौधे और बेतरतीब झाड़ियां दिखाई दे रही हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हैं, सड़कों पर धूल उड़ रही है और मूर्तियों व आसपास के क्षेत्रों की नियमित सफाई भी नहीं हो रही। लोगों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बार-बार शिकायतों और मीडिया में मुद्दा उठने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। नागरिकों ने ओएसडी गिरीश झा, डीजीएम एसके जैन और वरिष्ठ प्रबंधक अजीत पटेल की जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। उनका कहना है कि उद्यान विभाग को हर वर्ष करोड़ों रुपये का बजट मिलने के बावजूद जमीनी स्तर पर काम दिखाई नहीं दे रहा।

एक्टिव सिटीजन टीम के सदस्य हरेन्द्र भाटी ने कहा कि परी चौक को ग्रेटर नोएडा का दिल माना जाता है, लेकिन इसकी बदहाल स्थिति शहर की व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो स्थानीय नागरिक बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

अब लोगों की नजर प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों पर है कि वे इस मामले में कब तक चुप्पी साधे रहते हैं और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

# युवती का इंस्टाग्राम आईडी खोज करके उसके साथ युवक लगातार करता रहा दुष्कर्म पीड़िता ने कराई रिपोर्ट दर्ज

## पुलिस आयुक्त के हस्तक्षेप के बाद अंकुर विहार थाने में हुई रिपोर्ट दर्ज



**लोनी (करंट क्राइम)।** अंकुर विहार थाने के सालेह नगर गांव की एक लड़की ने डाबर तलाब निवासी अभिषेक नामक व्यक्ति पर पुलिस आयुक्त गाजियाबाद को शिकायत पत्र देकर उसके साथ हुए शोषण का खुलासा किया है पुलिस आयुक्त के हस्तक्षेप के बाद अंकुर विहार थने में पीड़िता के हुए शोषण का मुकदमा दर्ज किया गया है उसने शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि इंस्टाग्राम की आईडी अभिषेक नामक व्यक्ति ने खोज कर महिला फसलाकर अपने जाल में फंसाने के लिए नए-नए पैंतरे आजमाने लगा 8 /11/ 25 को लड़की को अपने घर बुलाया तथा उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक सबंध बनाएं कुछ दिन बाद लड़की को अभिषेक ने ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया की तेरी फोटो वह वीडियो वायरल कर दूंगा लड़की डर की वजह से अपने घर वालों से नहीं बता सकी फिर उसने शिव विहार इलाके के एक होटल में ले गया वहां भी उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर किया कुछ दिन बाद दिल्ली में अभिषेक ने अपने मित्र यश के घर पर लड़की को बुलाया वहां भी जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया परेशान होकर लड़की ने अपने परिजनों को बताया लड़की के माता-पिता अभिषेक के पिता माता से इस इस बारे में बताया तो अभिषेक के माता-पिता ने जाट सूचक शब्द कहकर बेज्जत किया और घर से भगा दिया परेशान होकर उसने अंकुर विहार थाने में अपनी आप बीती बताई लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की मजबूरन उसने कमिश्नर रेट गाजियाबाद की शरण ली और शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई पुलिस आयुक्त गाजियाबाद ने हबसी बलात्कारी के खिलाफ जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है उसके बाद अंकुर विहार थाने की पुलिस ने आरोपी दुष्कर्मी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की पुलिस आरोपी दुष्कर्मी को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही है

# सौतेले पिता ने 17 वर्षीय बेटी की हत्या कर यमुना किनारे फेंका शव, आरोपी गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्धनगर के थाना जेवर क्षेत्र के रोही गांव में एक सौतेले पिता द्वारा अपनी 17 वर्षीय बेटी की हत्या कर शव यमुना किनारे झाड़ियों में फेंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने घटना को छिपाने के लिए बेटी की गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस जांच में पूरा मामला खुल गया।

डीसीपी ग्रेटर नोएडा डॉ प्रवीन रंजन ने बताया कि आरोपी सुरेंद्र (45) पुत्र गौरी प्रसाद ने तीन शादियां की थीं। उसकी तीसरी पत्नी तुलसी की पहले पति से 17 वर्षीय बेटी रिया थी। पुलिस के अनुसार 20 अप्रैल को सुरेंद्र ने रिया के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी और शव को यमुना नदी किनारे जंगल में फेंक दिया। घटना के बाद आरोपी ने शक से बचने के लिए थाने में बेटी की गुमशुदगी दर्ज करा दी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि रिया अधिकतर अपनी नानी के घर रहती थी और कभी-कभी ही सौतेले पिता के घर आती थी। साथ ही यह भी जानकारी मिली कि रिया ने पहले अपने सौतेले पिता पर गलत नजर रखने के आरोप लगाए थे। शक के आधार पर पुलिस ने सुरेंद्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने हत्या की बात कबूल कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने यमुना किनारे झाड़ियों से किशोरी का कंकाल बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।